दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता

सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 04 मई 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 469

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोदी के दरभंगा में चुनावी सभा से पहले तेजस्वी का मिथिलांचल में कैंप, तंज कसते हुए कहा- पीएम दरभंगा एम्स का करने आ रहे हैं निरीक्षण



**लोक तंत्र की आवाज**

**दरभंगा।** दरभंगामें शनिवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनावी सभा है। मोदी के चुनावी सभा से 48 घंटा पहले बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दरभंगा में कैंप कर दिया है. कथित तौर पर अगले 4 दिनों तक तेजस्वी यादव दरभंगा में रहकर, विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में जाकर चुनाव प्रचार करेंगे. तेजस्वी यादव रात्रि विश्राम के बाद चुनावी प्रचार में निकलने से पहले दरभंगा में मीडिया से बात करते हुए कहा कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा आ रहे हैं। उनके हिसाब से तो दरभंगा एम्स बन चुका है। तो कल वे एम्स का मुआयना करेंगे कि कितना बढ़िया अस्पताल चल रहा है। सबका इलाज हो रहा है की नही हो रहा है। वही उन्होंने कहा कि लगातार 10 साल नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री रहे हैं। इन्होंने केवल लोगों को ठगने का काम किया है। केवल झूठ बोला है। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि जब हम लोगों की 17 महीने की सरकार थी। तब हम लोगों ने एम्स के लिए नया जमीन देने का काम किया है। साथ ही डीएमसीएच के विस्तार का हमलोगों ने करने का फैसला लिया। ताकि 2500 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल हो जाए। जब हम स्वास्थ्य मंत्री थे। उसी वक्त हमलोगों ने निर्णय लिया था। ताकि डीएमसीएच का गौरवशाली वजूद बचा रहे है और एम्स को अलग से जगह दे दिया। ताकि पूरे दरभंगा एरिया का विस्तार और विकास हो सके। तेजस्वी ने एयरपोर्ट पर सवाल पर करते हुए कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट का टर्मिनल अभी तक ढंग से बनकर तैयार नहीं हुआ है। हवाई जहाज आ रही है, लेकिन टिकट की कीमतें पूरे देश में सबसे महंगा टिकट मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बोलते थे कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर करेंगे लेकिन टिकट की कीमत देखने से लगता है कि हवाई चप्पल वाले क्या, उच्च मध्य परिवार के लोग भी टिकटों की कीमत से परेशान है।

# रायबरेली से राहुल गांधी ने किया नामांकन, उमड़ा जनसैलाब

**लोक तंत्र की आवाज**

### सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे रहे मौजूद



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**रायबरेली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया. इस दौरान सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और अशोक गहलोत मौजूद रहे. शुक्रवार सुबह ही कांग्रेस पार्टी ने अमेठी और रायबरेली सीट से उम्मीदवारों का नाम जारी किया. जिसके बाद राहुल गांधी रायबरेली स्थित फुरसतगंज हवाईअड्डे पर अपनी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य लोगों के साथ विमान से उतरे।

कई दिनों की उहापोह को खत्म करते हुए, पार्टी ने शुक्रवार सुबह घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पहले उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र था. पार्टी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है. शर्मा गांधी परिवार की अनुपस्थिति में इन दोनों प्रतिष्ठित निर्वाचन क्षेत्रों की देखभाल कर चुके हैं. सात चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को जिन सीटों पर मतदान होगा, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख है।

रायबरेली और अमेठी सीटों पर मतदान 20 मई को ही होगा। मतगणना चार जून को होगी. वहीं अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने प्रियंका गांधी की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया. बता दें कि पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रियंका गांधी अमेठी से चुनाव लड़ सकती हैं. लेकिन लिस्ट जारी होने के बाद सारी अटकलों पर विराम लग गया।

वहीं किशोरी लाल शर्मा के नामांकन में शामिल हुईं प्रियंका गांधी ने कहा, 'इस चुनाव में भी कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लड़वाऊंगी. हम ये चुनाव आपके लिए लड़ेंगे ताकि आपका विकास हो. अब ये मौका आ गया है कि देश में एक संदेश दें कि हम सेवा की राजनीति करते हैं। ये आपका चुनाव है, आप जिताएंगे। मैं 6 मई तक अमेठी में ही रहूंगी। अमेठी का चुनाव जनता के बल पर जीतेंगे।

### बंगाल का नाम खराब कर रही है टीएमसी' पश्चिम बंगाल में ममता पर पीएम मोदी का हमला



**लोक तंत्र की आवाज**

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है. तीसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर है. इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर पहुंचे. इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर खूब निशाना साधा. पीएम मोदी ने रैली के अपने संबोधन में कहा कि टीएमसी को यह समझना चाहिए कि वे उअअ के कार्यान्वयन को नहीं रोक सकते, चाहे कुछ भी हो जाए।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि सीएए के माध्यम से, मैं भारत की नागरिकता चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आश्वासन देता हूं कि उन्हें जल्द ही केंद्रीय पहल का लाभ मिलेगा. टीएमसी बंगाल के गौरवशाली नाम को खराब कर रही है. टीएमसी को संविधान का पालन करने का निर्देश देने के लिए अदालतों को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी नेताओं को हमेशा पता था कि संदेशकाली में क्या हो रहा है, लेकिन चूंकि अपराधी उनके लिए एक संपत्ति था, इसलिए उन्होंने उसके खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की. केंद्र सरकार लोगों को मुफ्त राशन और स्वास्थ्य कवरेज प्रदान कर रही है. हालांकि, टीएमसी बंगाल में हमारी पहल को लागू नहीं कर रही है, जिससे आपको परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि हमारे पूर्व सैनिकों को बंगाल में अन्याय का सामना करना पड़ रहा है. इस चुनौतीपूर्ण समय में भाजपा आपके साथ खड़ी है ।

इससे पहले पीएम मोदी ने बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो अपनी तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए वह अनुसूचित जाति (एससी), दलितों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण छीनकर अपने 'जिहादी वोट बैंक' को दे देगी।

# मुसलमान, मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र हैं मोदी का पसंदीदा शब्द

**लोक तंत्र की आवाज**

### लालू ने पूछा -कब करेंगे जनता के मुद्दों की बात



**पटना।** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाषा शैली को लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने शुक्रवार को बड़ा तंज कसा है. उन्होंने कहा है कि देश के पीएम कुछ शब्दों के बीच सिमट कर रह गये हैं. उन्होंने पीएम मोदी के चुनाव अभियान पर चुटकी ली है. साथ ही पीएम मोदी को जनता से जुड़े मुद्दों पर चुप्पी साधे रहने को लेकर सवाल किया है. लालू यादव ने अपने सोशल मिडिया के माध्यम से अनोखे अंदाज में पीएम मोदी को निशाने पर लिया है।

लालू ने लिखा- 'प्रणाम देशवासियों! हिंदी भाषा में आज लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर लगभग 6.5 लाख शब्द हैं। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसंदीदा, सबसे (फेबरेस्ट) शब्द हैः- पाकिस्तान, श्मशान, कब्रिस्तान, हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र, गाय-भैंस. पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने लिखा कि ऊपर की लिस्ट पहले दो चरणों के चुनाव होने तक की है। सातवे चरण तक इस लिस्ट में कुछ दो चार नाम और बढ़ सकते हैं. नौकरी-रोजगार, गरीबी-किसानी, महंगाई-बेरोजगारी, विकास-निवेश, छात्र-विज्ञान-नौजवान इत्यादि मुद्दे भूल गए हैं।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले कुछ दिनों के दौरान अपने चुनाव प्रचार में लगातार विरोधियों को निशाने पर लेते हुए कई तरह के आरोप लगाये हैं. इसमें कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग की छाप वाला बताया है. उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो महिलाओं का मंगलसुत्र छीन लेगी. साथ ही हिन्दुओं की सम्पत्ति लेकर उसे मुसलमानों में बांट देगी. इतना ही नहीं तेजस्वी यादव के मछली खाने पर भी पीएम मोदी और भाजपा ने तंज किया था. अब इन तमाम मुद्दों पर पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए लालू यादव ने उन पर निशाना साधा है।

दूसरी ओर कांग्रेस पहले ही कह चुकी है कि चुनाव में भाजपा की संभावित हार को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भयभीत हैं. इसलिए वे कांग्रेस के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं. चुनाव में मतदाताओं को हिंदू-मुसलमान के नाम पर बाँट रहे हैं. पीएम मोदी के खिलाफ इसे लेकर चुनाव आयोग में भी शिकायत की गई है. उसी क्रम में अब लालू यादव ने पाकिस्तान, श्मशान, कब्रिस्तान, हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र, गाय-भैंस के बार बार जिक्रको लेकर नरेंद्र मोदी को घेरा है।

# पवन सिंह को गहरे तक चुभ गई केंद्रीय मंत्री की बात, पावर स्टार ने दिया दो टूक जवाब




**लोक तंत्र की आवाज**

**सासाराम।** काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने लड़ रहे पवन सिंह ने केंद्रीय मंत्री और आरा से भाजपा के सांसद व प्रत्याशी आरके सिंह को जवाब दिया है. उन्होंने कहा है कि वे आरके सिंह की बहुत इज्जत करते हैं, लेकिन जिस लहजे में आरके सिंह जी ने मीडिया से बातचीत में उनसे चुनाव लड़ने मैदान से हट जाने की बात कही है; तो वह कहना चाहते हैं कि वह कोई पाकिस्तान में पैदा नहीं लिए हैं. वह भी बिहार के धरती के लाल हैं और ऐसे में काराकाट से चुनाव लड़ने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता. काराकाट की जनता ने उन्हें अपना बेटा एक्सेप्ट कर लिया है. ऐसे में काराकाट की जनता ही उनकी मालिक है. अब जनता ही जो फैसला लेगी. हालांकि, पवन सिंह ने यह भी कहा कि वे आरके सिंह का बहुत सम्मान करते हैं। बता दें कि केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने अभिनेता पवन सिंह को लेकर बयान दिया था कि वह समय रहते काराकाट से चुनाव मैदान से हट जाए. इसके बाद पवन सिंह का बयान सामने आया है. जिसमें उन्होंने यह भी कहा है कि भी अपने माता के आशीर्वाद से चुनाव मैदान में है; तो फिर वापस होने का सवाल ही नहीं है. वह काराकाट के डेहरी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**9 मई को अभिनेता पवन सिंह के नामांकन की है तैयारीः** बता दें कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र से पवन सिंह 9 मई को नामांकन करेंगे. इसके लिए परांव मैदान में एक बड़ी सभा भी होनी है. डेहरी के पराव मैदान में इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दिया गया है. नामांकन कार्यक्रम में कई दिक्कत के पहुंचने की सूचना है. पवन सिंह के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि काराकाट की जनता की मांग है कि पवन सिंह यहां के सांसद बने. ऐसे में 9 मई को नामांकन किया जाएगा।

### आरके सिंह ने चुनाव से हट जाने की कही थी बात

आरा के भाजपा के सांसद तथा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने पिछले दिनों पवन सिंह से काराकाट के मैदान से हट जाने की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि पवन सिंह को समय रहते काराकाट से चुनाव लड़ने की मंशा को छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 400 सांसदों का लक्ष्य रखा गया है और इसलिए इसमें कहीं कोई बाधा नहीं आए।

### आरके सिंह ने पवन सिंह के लिए दिया था यह तर्क

आरके सिंह ने यह भी कहा कि था कि पवन सिंह समय रहते अगर चुनाव मैदान से नहीं हटते हैं तो भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्रवाई भी की जा सकती है क्योंकि पवन सिंह भाजपा से जुड़े रहे हैं. इसके बाद से ही पवन सिंह के जवाब का इंतजार किया जा रहा था. ऐसे में पवन सिंह ने आरके सिंह को टूक जवाब दे दिया है कि वह अपनी मां के आशीर्वाद से काराकाट में चुनाव लड़ने आए हैं तो पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है।

# बिहार की बक्सर लोकसभा सीट पर मचा घमासान, नेताओं के बीच उतरा एनकाउंटर स्पेशलिस्ट, दिलचस्प मुकाबला

**लोक तंत्र की आवाज**

**बक्सर।** बिहार की बक्?सर लोकसभा सीट पर जहां एक ओर भाजपा ने यहां से निवर्तमान सांसद व केंद्र में मंत्री रहे अश्विनी चौबे का टिकट काटकर नए उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है, वहीं भाजपा से टिकट की आस लगाए एक पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा ने भी निर्दलीय ताल ठोंक कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है. आनंद मिश्रा को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बताया जाता है और उनकी गिनती तेज तर्रार अफसरों में होती थी. वह पुलिस की नौकरी से इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में हैं।

**दो चुनाव से बीजेपी का है कब्जाः** बक्सर लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनावों से भाजपा का कब्जा है. यहां वर्ष 2014 में बीजेपी ने अश्विनी चौबे को अपना उम्मीदवार बनाया था. वर्ष 2019 में भी वह यहां से प्रत्याशी थे. इस बार पार्टी ने उनका टिकट काट दिया. भाजपा ने यहां से मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है. मिथिलेश तिवारी मूल रूप से गोपालगंज के रहने वाले हैं. ऐसे में विरोधी उनके बाहरी होने का मुद्दा जोर शोर से उठा रहे हैं. इतना ही नहीं अश्विनी चौबे समर्थक भी खफा बताए जा रहे हैं, वहीं मिथिलेश तिवारी जोर शोर से प्रचार प्रसार में जुटे हैं.

**बक्सर में चौतरफा मुकाबलाः** बिहार की बक्सर सीट पर मुकाबला दिलचस्प है. यहां बीजेपी और आरजेडी दोनों दलों ने अपने प्रत्याशी बदले हैं.




भाजपा ने अश्विनी चौबे की जगह मिथिलेश तिवारी को उतारा है, तो आरजेडी ने जगदानंद सिंह की जगह उनके बेटे सुधाकर सिंह को टिकट दिया है. इन दो उम्मीदवारों के बीच ददन पहलवान भी निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं. ददन पहलवान आरजेडी के समर्थक बताए जाते हैं उनके चुनाव लड़ने से यहां आरजेडी के वोट बैंक में सेंध लग सकती है. ऐसे में वह महागठबंधन के उम्मीदवार सुधाकर सिंह की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं, वहीं उधर एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा बीजेपी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकते हैं. आनंद मिश्रा बिहार के भोजपुर जिले के रहने वाले हैं और असम में तैनात थे. वह वीआरएस लेकर चुनाव मैदान में उतरे हैं।

### क्या कहता है वोटों का गणित


बक्सर लोकसभा सीट पर पिछले चुनाव में बीजेपी के अश्विनी चौबे को 473053 वोट मिले थे, जो कि कुल वोटों का 48.75% था. वहीं उनके प्रतिद्वंदी आरजेडी प्रत्याशी जगदानंद सिंह को 355444 यानि 36.63% वोट मिले. इसी तरह बसपा के सुशील कुमार सिंह को 80261 वोट मिले. कुल मिलाकर अश्विनी चौबे 117609 वोटों के अंतर से जीते थे।

# कांग्रेस ने केएल शर्मा पर यूं ही नहीं खेला दांव, हर समीकरण में हैं फिट, क्या है अमेठी का जातीय गणित

**लोक तंत्र की आवाज**

**अमेठी।** अमेठी भी अब हॉट सीट बन गई है. गांधी परिवार भले ही सीधा चुनाव न लड़ रहा हो, पर मुकाबला गांधी परिवार के ही नुमाइंदे से है, जो गांधी परिवार की पसंद से पहली बार चुनावी मैदान में उतरा है. इस बार अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के सबसे नजदीकी स्थानीय कार्यकर्ताओं में से एक हैं।

वो मूलतः खत्री ब्राह्मण हैं, लुधियाना की उनकी पैदाइश है. राजीव गांधी के करीबी थे, उन्हीं के साथ पहली बार अमेठी आए और तब से यहीं के होकर रह गए।



जातीय समीकरण में भी किशोरी लाल फिट बैठते हैं. अमेठी में दलित (26 फीसदी), मुस्लिम (20 फीसदी) और ब्राह्मण (18 फीसदी) का दबदबा है. यहां सबसे अधिक आबादी ओबीसी वर्ग की है. अमेठी लोकसभा क्षेत्र में करीब 34 फीसदी ओबीसी वर्ग के मतदाता हैं. अनुमान है कि अमेठी में करीब 8 फीसद ब्राह्मण और करीब 12 फीसदी राजपूत मतदाता हैं. ऐसे में कांग्रेस को लगता है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से के एल शर्मा को फायदा हो सकता है. गांधी परिवार ने भरोसा दिया है कि वो प्रचार के काम में किशोरी लाल शर्मा के साथ भरपूर साथ देंगे। ये गौर करना भी अहम है कि 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन कर चुनाव मैदान में उतरे थे और इस गठबंधन ने अमेठी सीट से उम्मीदवार नहीं उतारा था. इस बार बसपा के नन्?हे सिंह चौहान के मैदान में उतरने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।


शर्मा की बात करें तो जब भी गांधी परिवार इन दो सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा, तब भी केएल शर्मा यहां जमे रहे और स्थानीय लोगों से घुलते मिलते रहे. सोनिया गांधी के सांसद बनने के बाद से लेकर अब तक अमेठी और रायबरेली सीटों पर जमीनी काम करने और कराने का सारा जिम्मा के एल शर्मा ही उठा रहे थे. जो लोग इस इलाके से आते हैं, वो केएल शर्मा के नाम को जानते होंगे. वो मृदु भाषी, सरल व्यक्तित्व, कुशल मैनेजर और मीडिया की चकाचौंध से दूर रहते हैं।

# कोविशील्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट के ये हैं लक्षण?

### ऐसे करें पहचान व बचाव

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड से साइड इफेक्ट्स होने की बात स्वीकारी है. एस्ट्राजेनेका का कहना है कि हालांकि ये साइड इफेक्ट्स दुर्लभ हैं, लेकिन इससे थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोम्बोसिस नाम की समस्या पैदा हो सकती है. थ्रोम्बोसिस वह समस्या है, जिससे ब्लड क्लोटिंग और प्लेटलेट्स में गिरावट जैसी परेशानी देखने को मिल सकती है. ब्लड क्लोटिंग की वजह से ब्रेन हेमरेज और हार्ट अटैक जैसी घातक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. क्योंकि




Covishield Vaccine Side Effects (Photo Credit: File Pic)

भारत 140 करोड़ की विशाल आबादी वाला देश है और यहां 80 प्रतिशत लोगों ने कोरोना वैक्सीन के तौर पर कोविशील्ड ही ली है, इसलिए लोगों में वैक्सीन के दुष्प्रभावों को लेकर खौफ पैदा हो गया है।

**कोविशील्ड वैक्सीन से साइड इफेक्ट्स के लक्षणः** लोगों में कोविशील्ड के साइड इफेक्ट्स का खतरा इस कदर है कि वो इंटरनेट पर इसके दुष्प्रभावों के लक्षणों की पहचान को सर्च कर रहे हैं. हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोम्बोसिस यानी टीटीएस के लक्षणों में लोगों को सांस लेने में तकलीफ, सीने में दर्द, पैर में सूजन, गंभीर और लगातार सिरदर्द और पेट में दर्द होने जैसी समस्या शामिल हैं. हालांकि एक्सपर्ट्स का मानना है कि कोविशील्ड के साइड इफेक्ट्स दुर्लभ परिस्थितियों में ही देखने को मिलते हैं. इसलिए बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है।

**क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट्सः** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लंदन हाईकोर्ट में एस्ट्राजेनेका ने यह स्वीकारा है कि कोरोना की इस वैक्सीन के कुछ लेकिन दुर्लभ साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं. हालांकि भारतीय स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है. क्योंकि हर वैक्सीन के कुछ न कुछ दुष्प्रभाव तो होते ही हैं. क्योंकि कोरोना काल में लोगों की जान बचाने के लिए कोरोना वैक्सीन लेने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं था. इसलिए जान बचाने का यही तरीका अपनाया गया.

## संक्षिप्त खबरें ।

### कायस्थ महासभा बैठक डालमियानगर में हुई

गया।कायस्थ महासभा डेहरी डालमियानगर की एक सभा सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार सिन्हा की आवाज पर हुई जिसकी अध्यक्षता नवीन कुमार सिन्हा ने किया जिसमें इंडिया समर्थित सीपीआई एमएल उम्मीदवार कामरेड राजाराम सिंह करकट विधायक अरुण कुमार सिंह एवं मगध चल समग्र विकास समिति के अध्यक्ष डॉ संजय रघुवर ने भाग लिया है

### लोडेड देसी थरनेट के साथ युवक गिरफ्तार

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव से एक युवक को लोडेड देसी थरनेट के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने तीन जिंदा कारतूस भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि विशनपुर गांव निवासी नीतीश कुमार देसी थरनेट लेकर घूम रहा है। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष के निर्देशन में एक टीम गठित की गई। सहायक अवर निरीक्षक राज कुमार को सशस्त्र बलों के साथ भेजा गया। 112 डायल को भी इस कार्य में लगाया गया। पुलिस टीम जब युवक के घर पहुंचीं तो देखा कि युवक हाथ में थरनेट लहरा रहा है। चारों ओर से घेरकर पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके जिंस पैंट के पॉकेट से तीन जिंदा कारतूस बरामद किया जबकि उसके हाथ से एक लोडेड थरनेट जब्त किया गया। गिरफ्तार युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### बाजपुर गांव के पूजा देवी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त ने किया सरेंडर

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बाजपुर गांव में बीते 20 अप्रैल को हुई महिला पूजा देवी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त मृतका का पति दिलखुश कुमार ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। पुलिसिया दबिश के कारण उसने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। जल्द ही पकरीबरावां पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिए पकरीबरावां पुलिस द्वारा न्यायालय को अनुरोध पत्र भेजा गया है।पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजा देवी हत्या कांड संख्या– 182/24 के मुख्य अभियुक्त मृतका का पति दिलखुश कुमार एवं अन्य प्राथमिकी अभियुक्त फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इस बीच अनुसंधान के क्रम में साक्ष्य मिलने पर दिलखुश के चाचा राधेश्याम सिंह, चाची उर्मिला देवी एवं चचेरे भाई नीरज कुमार को जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में मुख्य अभियुक्त ने न्यायालय में आत्म समर्पण किया है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। बता दें कि 20 अप्रैल को करंट लगाकर पूजा की हत्या कर दी गई थी और घरवालों ने आत्महत्या का अफवाह उड़ाते हुए लाश कोगायब कर दिया था।लखीसराय जिले के हलसी थाना अन्तर्गत चौरही गांव निवासी मृतका की मां नगीना देवी ने दामाद एवं उसके घरवालों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### अवैध उत्खनन में संलिप्त बालू लदे ट्रैक्टर जप्त, प्राथमिकी दर्ज

राजेश कुमार सिन्हा




रजौली। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के गैरिबा गांव से शुक्रवार की सुबह एसआई गौतम कुमार ने अवैध उत्खनन में संलिप्त बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है।थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से गैरिबा गांव के खुरी नदी बालू घाट से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में लगाया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले को लेकर खनन पदाधिकारी को सूचना दिया गया।जिसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को दिये निर्देश

लोक तंत्र की आवाज़

**कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया और शेष आवेदनों का निपटारा करने को लेकर दिशा निर्देश दिये**




**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिलाधिकारी नवादा ने आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किये। जिलाधिकारी के द्वारा आम जनता से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का सुनवाई/निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया और शेष आवेदनों का निपटारा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आज जनता दरबार में कुल 42 आवेदनों की सुनवाई की गयी।

आज की जनता दरबार में भूमि विवाद, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल–जल, राजस्व, विवाह, अनुकम्पा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में आवेदनकर्ता प्रखंड–नवादा, पंचायत–केना, ग्राम–खुटिका सराय के ग्रामीण जनता द्वारा वर्षों से खराब पड़े चापाकल के बारे में आवेदन दिया गया साथ ही नल जल की सुविधा नहीं होने की भी शिकायत की गई, जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी से बात कर शिकायत का निष्पादन करने का निर्देश दिया। रजौली प्रखंड, ग्राम–मसई के मो0 वसीम आलम द्वारा जमीन विवाद से संबंधित मामले का शिकायत किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी रजौली को अविलम्ब निष्पादन हेतु निर्देशित किया। प्रखंड–रोह, ग्राम–बड़ैल के गौरव कुमार के द्वारा केएलएस कॉलेज से मार्कसीट नहीं मिलने संबंधी शिकायत दर्ज की गयी। जिलाधिकारी ने तुरंत केएलएस कॉलेज के प्रिंसिपल से बार्तालाप कर मार्कसीट देने का निर्देश दिया। इसी तरह अन्य आवेदनों को जिलाधिकारी ने स्वयं संबंधित पदाधिकारियों से बात कर शिकायत का निपटारा कराने का निर्देश दिया साथ ही निष्पादन प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने को कहा गया। निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। आज की जनता दरबार में चन्द्रशेखर आजा अपर समाहर्त्ता न वादा, दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, राजीव कुमार गोपनीय प्रभारी, वरीय उपसमाहर्त्ता डॉ0 राजकुमार सिंहा एवं श्री शशांक राज, कार्यपालक अभियंता विद्युत के साथ–साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

## नवादा : 24 घंटे के अंदर 25 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी:एसपी



लोक तंत्र की आवाज़

**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा ।** कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 02 मई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 02, अनुसूचित जाति/जनजात में 02 एवं अन्य गिरफ्तारी 21 कुल 25 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 110 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 06 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 127 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 95 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत टैज्क्टर–06 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

## सिरदला: समाज सुधारक ने स्कूल के छात्र–छात्राओं को लू से बचने के बताए तरीके और लगने के लक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

**सिरदला ।** प्रखंड के बरदाहा बाजार स्थित आनंद क्लासेज के छात्र एवं छात्राओं को समाज सुधारक सिकंदर कुमार हरिओम के द्वारा हीट स्ट्रोक के लक्षण और उपाय बताए गए। लू लगने के बाद क्या होता है। आप कैसे पहचान सकते हैं, कि आपको या आपके परिवार के किसी सदस्य को लू लग गया है। लू लगने के लक्षण सर दर्द, बुखार, उल्टी, पसीना अधिक आना, अधिक देर लू में रहने से शरीर में पसीना आना बिल्कुल बंद हो जाता है। कई लोग गर्मी की वजह से बेहोश हो जाते हैं। पेशाब कम आना, यह सब शुरुआती लक्षण है। लू लगने का उपाय है, लू लगे व्यक्ति को छायादार स्थान पर या हवादार स्थान पर लेटाऐं, ओआरएस का धोल, या नींबू पानी नमक चीनी का घोल पिलाऐं। यदि व्यक्ति पानी की उल्टियां करें या बेहोश हो तो उसे कुछ भी खाने–पीने को ना दें। पंखा कूलर के पास लेटाएँ। पैरों के नीचे तकिया दें, कपड़ों को हटाकर ठंडे पानी से शरीर को पोछें और निशुल्क एंबुलेंस के लिए टोल फ्री नंबर 102 डायल करें। मौके पर शिक्षक व दर्जनों छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## बीडीओ एवं बीपीआरओ ने की हरदिया पंचायत के स्वच्छताकर्मियों के साथ की बैठक तीन माह से बकाए मानदेय को लेकर कचरा उठाव कार्य था बन्द

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखण्ड के हरदिया पंचायत स्थित ग्राम पंचायत भवन में शुक्रवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार ने मुखिया पिन्टू साव, सभी 13 वार्ड के वार्ड सदस्यों एवं 30 स्वच्छताकर्मियों के साथ बैठक की। बीडीओ ने बताया कि बीते तीन माह से हरदिया पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के फेज 2 के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छताकर्मियों की नियुक्ति की गई थी। लेकिन विगत तीन माह से कचरा उठाव कार्य बाधित है।कचरा उठाव नहीं होने के कारणों को जानने के लिए पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं स्वच्छताकर्मियों के साथ बैठक की गई।स्वच्छताकर्मियों ने कहा कि उन्हें कार्य के बदले मिलने वाला मानदेय नहीं दिया गया है।इसलिए स्वच्छताकर्मियों ने कचरा उठाव का कार्य बीते तीन माह से नहीं कर रहे हैं।स्वच्छताकर्मियों ने कहा कि इस मंहगाई के दौर में उन्हें समय से मानदेय नहीं मिलेगा तो वे कैसे अपना एवं अपने परिवार का भरण–पोषण कर पाएंगे।बीडीओ ने सभी स्वच्छताकर्मियों को आश्वासन दिया कि अगले एक सप्ताह में बकाए मानदेय का भुगतान कर दियाजाएगा।जिसके बाद स्वच्छताकर्मियों ने भी बीडीओ एवं बीपीआरओ को आश्वस्त किया कि वे कचरा उठाने वाले ठेलों की मरम्मत कर दो दिनों में पंचायत के सभी वार्डों में कचरा उठाव का कार्य शुरू कर देंगे। बैठक के मौके पर वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, सुनीता देवी, बिंदिया देवी, नन्देलाल राजवंशी, सुबोध राजवंशी, अनिता देवी, रामस्वरूप राजवंशी सही दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## दहेज की बलि वेदी पर चढ़ी एक और विवाहिता, ससुराल वालों ने हत्या कर लाश किया गायब

लोकतंत्र की आवाज



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां में एक और विवाहिता दहेज की बलि वेदी पर चढ़ा दी गई। दहेज दानवों ने नीचता की हद पार करते हुए विवाहिता की हत्या कर दी। साथ ही लाश को गायब कर दिया।मामला पकरीबरावां थाना क्षेत्र के धरनीबिगहा गांव में गुरुवार को घटी। जमुई जिले के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के हुड़रहिया गांव निवासी मृतका के पिता गुमनदेव यादव को किसी ने फोन पर पुत्री की हत्या कर लाश गायब कर देने की जानकारी गुरुवार की संध्या दी, तो वे अपने परिजनों संग आनन– फानन में धरनीबिगहा पहुंचें। इस बीच घर पर ताला लगा पाया। मृतका के पिता ने इसकी जानकारी पकरीबरावां थाना को दी। उनके लिखित आवेदन पर पकरीबरावां थाना में कांड संख्या–206/24 दर्ज किया गया।आवेदन में मृतका के पिता ने बताया कि वर्ष 2021 में अपनी पुत्री सुगा देवी की शादी धरनीबिगहा के सुनील यादव के पुत्र विक्की यादव के साथ हिंदू रीति– रिवाज से की। यथासंभव दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दो लाख रुपए एवं एक मोटरसाइकिल को लेकर मेरी पुत्री पर दबाव बना रहे थे। मुझे इसकी जानकारी मिलने पर मैंने असमर्थता जताई थी। जिसके बाद अक्सर मेरी पुत्री के साथ दामाद विक्की यादव एवं उसके घर वाले मारपीट करते थे, जिसकी जानकारी फोन पर मिलती थी। मुझे लगा मामला कुछ दिनों में सुलझ जाएगा, परंतु इन दहेज लोभियों द्वारा मेरी पुत्री की हत्या करने की खबर मिली है।उन्होंने सभी आरोपियों पर कार्रवाई कर न्यायिक दिलाने की मांग की है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामलें को लेकर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नवादा:युवक को हथियार लहराना पड़ा महंगा, हुआ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**आर्यन मोहन, संवाददाता**

**नवादा।** जिले में शुक्रवार को पकरीबरावां के ग्राम विशनपुर में एक युवक को हथियार लहराना पड़ा महंगा, पुलिस ने किया गिरफतार। गिरफ्तार युवक का नाम नीतीश कुमार पिता रामवृक्ष यादव ग्राम विशनपुर थाना पकरीबरावां जिला नवादा का है। सुचना के मुताबिक युवक एक देशी थरनट लेकर घुम रहा है। प्राप्त सुचना पर पु०अ०नि० सह–थानाध्यक्ष अजय कुमार पकरीबरावां, जिला नवादा के द्वारा एक टीम का गठन करते हुए अपने निर्देशन में थाना के पु०स०अ०नि० राज कुमार एवं सशस्त्र बल तथा 112 डायल को साथ करते हुए सुचना का सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतू ग्राम विशनपुर पुलिस टीम को भेजा गया।जब पुलिस टीम ग्राम विशनपुर पहुंचा तो देखा कि नीतीश कुमार अपने घर के पिछवाड़े बगीचा में एक देशी थरनट हाथ में लिये लहरा रहा है। पुलिस टीम के द्वारा सावधानी बरतते हुए घेरा बंदी कर उसे पकड़ लिया गया। चेक करने पर पाया गया कि नीतीश कुमार के पहने जींस के पॉकेट से तीन जींदा कारतुस एवं एक जिंदा कारतुस थरनट में लोड किया हुआ पाया गया। पुलिस टीम के द्वारा नीतीश कुमार को सुरक्षार्थ थाना पर चार जिंदा कारतुस एवं एक देशी थरनट के साथ लाया गया। इस संबंध में पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है।

## 100 लीटर शराब जब्त, साथ ही एक वांछित शराब धंधेबाज भी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के भूपतपुर गांव से गुरुवार की शाम अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने एक बाइक पर लदे 100 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं बिराज गांव से एक वांछित शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त करने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों के सहयोग से दूर–दराज गांवों एवं जंगली क्षेत्र में लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में बिराज गांव से भूपतपुर गांव की शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार को पुलिस बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया।छापेमारी के दौरान भूपतपुर गांव से एक बाइक पर लदे प्लास्टिक के बोरे में रहे एक–एक लीटर के पाउच में बन्द रहे कुल 100 लीटर शराब बरामद किया गया है। उन्होंने ने कहा कि पुलिस को नजदीक आता देख शराब धंधेबाज भागने लगे।भागने वाले शराब धंधेबाजों में भूपतपुर गांव निवासी सिकन्दर यादव के बेटे गोलू कुमार, संजय यादव के बेटे पप्पू कुमार एवं बृजनंदन प्रसाद के बेटे मोहित कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं पुराने थाना काण्ड में नामजद बिराज गांव से वांछित एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान बिराज गांव निवासी जगदेव प्रसाद यादव उर्फ जागो के बेटे लल्लू प्रसाद यादव के रूप में हुई है।जिसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



## वारिसलीगंज नरसंहार के पीड़ितों ने अशोक महतो के खिलाफ खोला मोर्चा

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा 3 मई ।** आज शुक्रवार को वारिसलीगंज क्षेत्र के कई समाजसेवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओ ने व्यवहार न्यायालय के उत्तर में स्थित कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपराध जगत का बहुचर्चित चेहरा अशोक महतो के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है । पूर्व जिला पार्षद मथुरा यादव , वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र यादव , रामदेव यादव , दशरथ यादव , राहुल कुमार आदि ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि मुंगेर में खुद को सामाजिक न्याय का मसीहा कहने वाले अशोक महतो वास्तव में कभी भी सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़े है बल्कि दलितों पिछड़ों अतिपिछड़ों का शोषण दोहन कर अपना बर्चस्व बनाये रखने की लड़ाई लड़े हैं । जब वारिसलीगंज इलाका हिंसा की आग में जल रहा था तो अशोक महतो का पूरा कुनबा मूकदर्शक बना हुआ था । उनके स्वजातीय गाँवों में हुई हिंसा के बाद भी वे किसी पीड़ित का आंसू पोछने तक नहीं गए । अपनी दूषित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरा करने के लिए ही वे इस उम्र में शादी किये और पत्नी को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़वा रहे हैं । दुर्भाग्य से उन्हें राजद का टिकट भी मिल गया है जिसके कारण सामाजिक न्याय के समर्थक उहापोह की स्थिति में है । पूर्व जिला पार्षद मथुरा यादव ने इस संबंध में कई हैरतअंगेज खुलासा किया । उन्होंने कहा कि वारिसलीगंज में जब सामन्तों के द्वारा खून खराबा हो रहा था तो अशोक महतो पता नहीं किस बिल में घुस गए थे । आधा दर्जन से अधिक गाँवो में नरसंहार हुए जिसमे अधिकतर उन्ही के स्वजातीय रहे हैं उसके बावजूद किसी भी परिवार का आंसू पोछने तक नहीं गए फिर किस बात के लिए खुद को सामाजिक न्याय का मसीहा कहते हैं । उन्होंने कहा कि सोगरा स्टेट के 72 बिगहा जमीन से दलितों महादलितों को बेदखल करने के लिए बड़ी शाजिश रची गई थी जिसमे एक महादलित की हत्या भी हुई थी । उन्होंने आरोप लगाया कि अपने बर्चस्व और वसूली के लिए दलितों पीड़ितों यहां तक की स्वजातीय बन्धुओं को भी नहीं छोड़ा । खास कर जो लोग उनके साथ रहे उन्हें ही खत्म करने की योजना बना डाली और इसे जातीय रंग देने का प्रयास किया । लालो सिंह , रंजीत सिंह सुजीत सिंह इत्यादि इसका उदाहरण है । जो लीलाबिगहा , भुआलचक , राजेबीघा , गोड़ापर , दरियापुर इत्यादि नरसंहार के पीड़ितों का आसूं पोछने तक नहीं गया हो उसे सामाजिक न्याय से जोड़ना भी दुर्भाग्यपूर्ण होगा । सुरेन्द्र यादव ने कहा कि मणिपुर नरसंहार जिसमे अतिपिछड़ा चौरसिया समाज के लोग मारे गए थे इसी कथित सामाजिक न्याय के मसीहा की करतूत थी । इसी प्रकार अरयरी के दलित बीडीओकी हत्या रंगदारी के लिए कर दी गई । स्वजातीय मिथलेश महतो की हत्या का जिम्मेदार भी यही लोग थे जो आज सामाजिक न्याय के नाम पर जनता को ठगने निकले हैं । वारिसलीगंज हिंसा को झेलने वाले ग्रामीणों ने मुंगेर की जनता को सचेत करते हुए सन्देश दिया है कि राष्ट्रीय जनता दल का शीर्ष नेतृत्व भले ही दिकभ्रमित हो गया हो किन्तु आपलोगों को दिकभ्रमित नहीं होना है और ऐसे लोगों को सबक सिखाना है । नवादा की जनता ने चाचा भतीजा समेत इनके गिरोह के लोगो को नकार दिया है इसलिए मुंगेर की जनता भी इनको नकार देगी । मौके पर एमएलसी अशोक यादव , वरिष्ठ नेता अनिल प्रसाद सिंह , संजय यादव , शशिभूषण शर्मा , नंदकिशोर बाजपेयी , सुरेन्द्र यादव आदि शामिल थे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 05 मई को समस्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट का होगा प्रशिक्षण

घनश्याम तिवारी

बलिया। अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीपी सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन –2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देश के क्रम में जनपद के लोकसभा के चुनाव के लिए नियुक्त समस्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट का दिनांक 5 म ?ई 2024 को अपराह्न 2:00 बजे से टीडी कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा,जिसमें समस्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति अनिवार्य होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोजित प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का निर्देश दिया है।

### गुरुवार की देर रात पैसेंजर ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत

घनश्याम तिवारी

बलिया। चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के धर्मापुर के नवका पूरा गांव के सामने गुरुवार की देर रात पैसेंजर ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस व आरपीएफ ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के नगवां गाई निवासी पारस प्रजापति (74) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि पारस कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य थे।

### ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर

घनश्याम तिवारी

रसड़ा, बलिया : बलिया–मऊरेलखंड के छितौनी–गढ़िया रेलवे क्रसिंग के बीच शुक्रवार की सुबह इंटरसिटी ट्रेन से गिरकर 25 वर्षीय दीपक कुमार (निवासी सुल्तानपुर, थाना बांसडीह) गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। युवक इंटरसिटी ट्रेन से मऊजा रहा था। अचानक ट्रेन से गिर पड़ा और सिर में गंभीर चोट आने से वह बेहोश हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 नम्बर की पुलिस ने उसे रसड़ा अस्पताल पहुंचाया।

### अंतिम दिन बसपा ने खोले पत्ते, बिगाड़ा कांग्रेस–सपा व भाजपा के वोटों का गणित



सुगंधा। नामांकन का अंतिम दिन होने से एक दिन पहले बसपा ने अपने कार्ड खोले हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ मान रहे थे कि बसपा का कैडर वोट जिस तरफ जाएगा उसकी नैया पार हो जाएगी लेकिन अब बसपा का कैडर वोट महागठबंधन या फिर भाजपा के वोट बैंक पर सेंध लगाएगा? यह सवाल चर्चा में रहा। पेशे से व्यापारी आलोक कुशवाहा को उतारकर राजनीतिक विशेषज्ञों की गणित फेल कर दी है। बहुजन समाज पार्टी ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा के उप चुनाव में आलोक कुशवाहा को उतारकर नया राजनीतिक समीकरण बना दिया है। अभी तक महागठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश सिंह चौहान और भाजपा से ओपी श्रीवास्तव मैदान में थे और माना जा रहा था कि उप चुनाव न लड़ने के कारण बसपा उम्मीदवार नहीं उताएगी। पूर्वी विधानसभा से तीन प्रत्याशी हैं और तीनों ही पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि वर्ष 1996 से वर्ष 2022 तक हुए विधानसभा चुनाव में बसपा दूसरे स्थान तक नहीं पहुंच पाई है। इस बार बसपा को उम्मीद है कि वह अपने कैडर व अल्पसंख्यक वोट के सहारे चमत्कार कर सकती है। बसपा ने वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव में स्वदेश कुमार ने 8,489 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे थे।

# मतदान कार्मिकों के तीसरे दिन का प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण टीडी कालेज का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़

जला निर्वाचन अधिकारी ने टीडी कालेज के सभी प्रशिक्षण कक्षों में जाकर संचालित प्रशिक्षण का अवलोकन किया



घनश्याम तिवारी

**बलिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मतदान कर्मियों–पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम के शुरू प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन टीडी कालेज का जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने टीडी कालेज के सभी प्रशिक्षण कक्षों में जाकर संचालित प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुए उनकी उपस्थिति पंजिका को भी चेक किया। साथ ही निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों के प्रारूप–12 और 12 'क' प्राप्त करने हेतु विधानसभावार बनाए कक्षों का भी निरीक्षण कर प्राप्त फॉर्म की जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दो पालियों में संचालित इस प्रशिक्षण के पहले सत्र में ईवीएम का प्रशिक्षण एवं द्वितीय सत्र में चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में लगे सभी मतदान कार्मिकों से दोनों पालियों की ट्रेनिंग को आवश्यक रूप से लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से संवाद कर चल रहे प्रशिक्षण कार्य का फीडबैक लिया। इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि दोनों पालियों में प्रशिक्षण की समाप्ति तक प्रथम पाली में 06 मतदान कार्मिक और द्वितीय पाली में 03 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में अनुपस्थित सभी मतदान कार्मिकों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व–1951 की धारा–134 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करा दी गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी,मास्टर व जनरल ट्रेनर, मतदान कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

## अतुल कुमार अंजान का कैंसर से लंबी बिमारी के बाद शुक्रवार सुबह निधन



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान का कैंसर से लंबी बिमारी के बाद शुक्रवार सुबह निधन हो गया। सूचना पर कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय इकाई के सदस्यों ने संत यतीनाथ मंदिर प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया।वक्ताओं ने उनके द्वारा समाज के दबे कुचले और पिछड़ों के उत्थान की लड़ाई से लेकर उनके राजनीतिक सफर पर प्रकाश डाला,कहा कि अतुल अंजान ने अपना राजनीतिक सफर 1977 में शुरू किया था।वह सबसे पहले लखनऊविश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए थे।वह सबसे प्रतिभाशील और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक थे।इन्होंने समाज में एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनायी। दीनानाथ सिंह,विप्लव सिंह,शिवजी राम,गुलामन राजभर,महेश कुमार,शंकर रौनियार,धर्मेंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।अध्यक्षता पारस नाथ सिंह व संचालन विक्रमा राम ने किया।

## बलिया : एडिशनल सीएमओ ने समुदायिक स्वाथ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर में एडिशनल सीएमओ डॉ पद्मावती वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे उन्होंने नये बने भवन पब्लिक हेल्थ यूनिट को जल्द ही डॉक्टरों की ओ0 पी0 डी0 कक्ष बनाने की बात कही।वही पत्रकारों ने पूछा कि पिछले सप्ताह जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा था कि 30 अप्रैल तक अस्पताल का काया कल्प हो जाएगा, वाटर कूलर, डिजिटल एक्स रे, अल्ट्रासाउंड मशीन लग जायेगा, लेकिन कुछ नही हुआ। इसके जबाब में एडिशनल सीएमओ ने कहा कि सीएमओ साहब को टाइम बौउंडेशन नहीं करना चाहिए था।क्योंकि आचार संहिता चल रही है यह सारे काम आचार संहिता के बाद होंगे। लेकिन वाटर कूलर प्यूरीफायर बहुत जल्द लग जायेगा। वही पर्ची के सवाल पर उन्होने बताया किअब कम्प्यूटर कृत पर्ची किसी समुचित रूम में ही कटेगी।

## डाक विभाग डाक बाँटने के साथ, मतदान के लिए भी करेगा प्रेरित : पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव वोट जरूर डालें, घर–घर दस्तक देकर मतदाताओं को जागरूक करेगा डाक विभाग

लोकतंत्र की आवाज़




घनश्याम तिवारी

**बलिया।** डाकिया डाक लाया, डाकिया बैंक लाया और अब डाकिया देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगा। भारतीय चुनाव आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का बीड़ा अब डाक विभाग ने भी उठाया है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर बलिया के 355 डाकघरों सहित परिक्षेत्र के अधीन कुल 1729 डाकघरों के माध्यम से यह वृहद् अभियान चलेगा। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। एक तरफ डाकघरों के माध्यम से बँटने वाली डाक पर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' और मतदान की मुहर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं डाकिया भी डाक वितरण के दौरान लोगों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील करेंगे। इसके साथ ही डाकघरों में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री बुकिंग, आईपीपीबी और बचत खाता खुलवाने, आधार नामांकन व अपडेशन इत्यादि तमाम कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी डाककर्मी अपना वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि लाखों लोगों के घरों तक पहुंचने वाली चिट्ठियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। खास कर बुजुर्ग, युवा, महिला और फर्स्ट वोटर्स के साथ–साथ दिव्यांग मतदाताओं तक हर हालत में जागरूकता संदेश पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। बलिया मंडल के अधीक्षक डाकघर हेमंत कुमार ने कहा कि पोस्ट ऑफिस में दैनिक रूप से बड़ी संख्या में आम जनता अपने कार्यों के लिए पहुंचती है। इस लिहाज से पोस्ट ऑफिस मतदाता जागरूकता के लिए भी उचित स्थान है। उन्होंने डाक विभाग के समस्त कर्मियों को डोर–टू–डोर मतदाता जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया।

# राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल व पूर्व जिलाध्यक्ष अलगू सिंह के खिलाफ निर्वाचन आयोग से हुई शिकायत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर अमर्यादित और विवादित बयानबाजी करने का आरोप

लोक तंत्र की आवाज़



रत्ना शुक्ला

**वाराणसी।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल और पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राकेश सिंह अलगू के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई हैं। यह शिकायत युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता विकास सिंह की ओर से दर्ज कराई गई है। विकास सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के आरोप लगाया है कि विगत दिनों प्रदेश सरकार में बतौर राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अजय राय के खिलाफ अमर्यादित बयानबाजी मीडिया में दिया गया था। जिसमे उन्होंने अजय राय को हत्यारा जैसे अशोभनीय शब्दों का प्रयोग कर संबोधित किया था। इसी प्रकार भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह अलगू ने भी अपमानजनक शब्दो का प्रयोग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ किया था। इन लोगों के अमर्यादित बयानबाजी को मीडिया ने भी प्रकाशित किया था। ऐसे में उन्होंने आदर्श आचार संहिता लागू होने का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग से उक्त अमर्यादित और अशोभनीय बयानबाजी के बाबत दोनों भाजपा नेताओं राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल और पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राकेश सिंह अलगू के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों नेताओं ने आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया है। जिसके लिए इनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

## अमानत में खयानत के मामले में रिस्पॉन्स कार्गो कम्पनी के प्रोपराइटरो को बतौर अभियुक्त किया तलब

लोक तंत्र की आवाज़



रत्ना शुक्ला

**वाराणसी।** विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार की अदालत ने अमानत में खयानत के 55 लाख गबन करने के मामले में मैसर्स रिस्पॉन्स कार्गो कम्पनी के प्रोपराइटर प्रयागराज निवासी आरोपी मनीष शुक्ला व ब्रदी शुक्ला को बतौर अभियुक्त तलब किया गया है। अदालत में परिवादी का पक्ष अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह ने रखा। जाने क्या हैं मामला दालमण्डी, थाना चौक निवासी परिवादी मो युसूफ का आरोप है कि विपक्षीगण ने प्रार्थी का विश्वास जीतने के बाद रेलवे से मिले एक टेन्डर में पार्टनर बनाने को कहा और 26 मार्च 2021 को पूर्वोत्तर रेलवे के साथ हुए उनके एग्रीमेन्ट की कापी दिखलाई। विपक्षीगण ने प्रार्थी को उपरोक्त एग्रीमेंट हेतु सेक्योरिटी मनी तथा अन्य खर्च वहन करने को कहा, जिसके लिये प्रार्थी ने अपनी फर्म के खाते से 8 लाख 50 हजार रूपए का भुगतान मैसर्स रेस्पान्स कार्गो के खाते में किया तथा विपक्षीगण के साथ हुए मौखिक करार के तहत उपरोक्त एग्रीमेन्ट के लिए प्रतिदिन रेलवे के भाड़ा का भुगतान भी करता था जिसके बाद मैसर्स रेस्पान्स कार्गो द्वारा प्रार्थी की फर्म को जी०एस०टी० बिल काटकर समय–समय पर भुगतान भी किया जाता था, जिसके क्रम में प्रार्थी का रु० 41,06,705/– विपक्षीगण के विरुद्ध बकाया है। विपक्षी मेसर्स कार्गो व उसके पार्टनर मनीष शुक्ला व बद्री शुक्ला द्वारा आपराधिक षडयन्त्र के तहत प्रार्थी के 55.29.000/–रु० गबन कर हड़प लिया गया है। कुछ समय बीत जाने के उपरांत जब प्रार्थी ने विपक्षीगण से पार्टनरशिप से संबंधित कागजात बताने के लिए कहा तो विपक्षीगण द्वारा हीला–हवाली किया जाने लगा तथा बहाने बनाकर पार्टनरशिप से संबंधित कागजात बनाने को टालते रहे। प्रार्थी जब विपक्षीगण के उपरोक्त पता पर स्थित कार्यालय गया तो विपक्षीगण एवं उनके कर्मचारियों द्वारा प्रार्थी को धमकी देते हुए कहा गया कि अब उसे किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा और यदि प्रार्थी ने दोबारा उनके कार्यालय पर जाने का प्रयास किया तो जान से हाथ धो बैठेगा।

# बलिया : पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर परीक्षा दिलाने के लिए ले जा रहा था युवक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी

**बलिया।** चेतन किशोर गांव स्थित मैनापुर मोड के समीप शुक्रवार की सुबह बाइक व पिकअप की आमने–सामने टक्कर में बाइक पर सवार महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वही महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिये। भाटी गांव निवासी 26 वर्षीय सूर्य प्रकाश शुक्रवार की सुबह अपने भाई चंद्र प्रकाश उर्फ मंटू के साले अभय निवासी साहूडीह बड़सरी थाना बांसडीह रोड से अभय की पत्नी 30 वर्षीय किरन को बाइक से परीक्षा दिलाने के लिए मर्यादपुर मऊले जा रहा था, अभी वह चेतन किशोर गांव स्थित मैनापुर मोड के समीप पहुंचा था कि सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए। वही बाइक पर सवार सूर्य प्रकाश व किरन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने सूर्य प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। वही किरन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी रवींद्र पटेल ने पिकअप वाहन व चालक को अपने कब्जे में ले लिया। वही शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जैसे ही घटना की जानकारी गांव के लोगों व परिजनों को लगी पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सैकड़ो की संख्या में परिजनों सहित गांव के लोग अस्पताल पहुंच गए। मृतक के पिता ओमप्रकाश पंजाब के जलालाबाद में बीएसएफ में एएसआई पद पर कार्यरत हैं। कुछ दिन पहले वह छुट्टी पर घर आए थे पुत्र के मौत के बाद से ही ओमप्रकाश व मां कुसुम देवी का रोते–रोते बुरा हाल है। मां कुसुम देवी सबसे यही पूछ रही थी, कि मेरे सूरज को क्या हो गया। अब सूरज को कौन बचाएगा। दहाड़े मार कर यह रोता देख लोगों के आंखों से आंसू आ जा रहे थे। वही सूरज की बहन प्रियंका बार–बार यही कह रही थी कि सूरज अब हम तुमको राखी कैसे बाधेंगे। बाबू मामा किसको कहेगा। यह सुनकर लोगों के कलेजे फट जा रहे थे।

सिकंदरपुर/बलिया सूर्य प्रकाश अपने बड़े भाई चंद्र प्रकाश के साले की पत्नी 30 वर्षीय किरण देवी पत्नी अभय कुमार को उनके घर साहूडीह बड़सरी थाना बांसडीह से अपने बाइक से लेकर मऊजनपद के मर्यादपुर स्थित इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज में परीक्षा दिलाने ले जा रहे थे। अभी सिकंदरपुर स्थित चेतन किशोर के मैनापुर मोड़ के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही पिकअप से टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। इनसेट मृतक दो भाई व एक बहन में था छोटा मृतक दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। बड़े भाई चंद्र प्रकाश उर्फ मंटू व बड़ी बहन प्रियंका की शादी हो चुकी थी, लेकिन सूर्य प्रकाश की शादी अभी होना बाकी था। मृतक सूर्य प्रकाश के पिता ओम प्रकाश जलालबाद के पंजाब में बीएसएफ के एएसआई के पद पर तैनात थे। वह छुट्टी पर घर आए थे। वही बड़े भाई चंद्र प्रकाश घर पर रह कर कृषि कार्य करते थे। मृतक जिला चिकित्सालय में अप्रेंटिश फार्मासिस्ट का काम करता था।

**बेटे के शव को नहीं ले जाने दे रही थी माँ** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंची मृतक की मां 52 वर्षीय कुसुम देवी व बहन 30 वर्षीय प्रियंका रो–रोकर बुरा हाल हो गया था। मां रोटी–रोटी अचानक बेहोश हो जा रही थी। पानी की छीटा मार कर जब होश में लाया जा रहा था तो वह मृतक के शव को ले जाने से मना करने लग रही थी। यह देख वहा मौजूद लोगों की आंखे नम हो गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एनएएसी से मूल्यांकन कराने हेतु रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बैठक आयोजित

एकमा (सारण)। शुक्रवार को रामाधार सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के सभागार में कॉलेज के सचिव ई जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एनएएसी से मूल्यांकन कराने के संदर्भ में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एनएएसी के 7 पैरामीटर पर चर्चा करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार पांडेय ने सभी आवश्यक मापदंण्डों पर सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। तत्पश्चात प्रमुख विभागों के दायित्वों का बंटवारा किया गया। वहीं एक सप्ताह के अंदर विभाग से संबंधित क्रियाकलापों की समीक्षा करने की बात कही गई। जिससे एनएएसी मूल्यांकन समय से कराया जा सके। बैठक में शामिल मुख्य रूप से डॉ अमित सिंह, प्रो उमाशंकर सिंह, अजित कुमार, प्रवीण कुमार, अनुप कुमार, राहुल कुमार, हरीशंकर सिंह आदि ने एनएएसी मूल्यांकन कराने के प्रति उत्साह दिखाया।

### वाहन टैगिंग से संबंधित बैठक का आयोजन




**मामलोत सेख**
साहिबगंज नोडल पदाधिकारी -सह- जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कश्यप के नेतृत्व में वाहन कोषांग कार्यालय कक्ष में बैठक की आहुत की गई। जिसमें दुर्गम क्षेत्र के मतदान केन्द्रो पर मतदान कर्मी को पहुंचाने हेतु वाहन का टैगिंग तथा मतदान केन्द्रों में ईझरिक्शा को टैग करने के लिए संबंधित बीएलओ से समन्वय बना कर के स्थानीय स्तर पर टैग करने का निर्देश दिया गया एवं सभी दुर्गम क्षेत्रों पर मतदान केंद्र तक पहुंचने हेतु वैसे वाहनों को टैग करने का निर्देश दिया गया जहॉ बड़ी गाड़ियां नही पहुंच सकती। साथ ही साथ दियाराक्षेत्रों में जो मतदान केंद्र है।उन मतदान केंद्रो तक पहुंचने हेतु मोटर नाव को टैग करने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में मोटरयान निरीक्षक विजय गौतम, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज प्रसार, प्रधान लिपिक प्रेम प्रकाश वर्मा, अभिषेक कुमार एवं वाहन कोषांग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

### मारपीट में पांच लोग घायल

एकमा (सारण)। एकमा पुलिस सर्किल क्षेत्र के रामपुर विन्दालाल गांव में मोबाइल फोन से बातचीत करने के दौरान दो परिवारों के बच्चे आपस में उलझ गये। बच्चों के विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच हुई मारपीट में मनीष कुमार, रिंकू देवी, कमलावती देवी, चन्द्रावती देवी व बद्री राय घायल हो गये। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### गायघाट में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**दीपक कुमार**
गायघाट। उक्त संकल्प के इस मौके पर सुरक्षा सीएलएफ गायघाट में बीपीएम आलोक कुमार, प्रखंड मेंटर श शोभा साव, एसी- राजेश लाल कर्ण, एलएचएस सौरभ कुमार, सीसी मनोज कुमार, कल्पना भारती के साथ कैडर एवं दीदीयां मिलाकर कुल 83 दीदीयां शामिल शामिल हुईं जिसमें बैठक के माध्यम से, शपथ ग्रहण एवं विभिन्न खेलों के माध्यम से मतदाता जागरूकता किया गया।इस मौके पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन हरेक परिवार से कोई न कोई महिला सदस्य जीविका से जुड़ी हुई है। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाने में जीविका संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में जीविका दीदी द्वारा रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रखंड में जीविका दीदियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

# नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ेंगें जेपी यूनिवर्सिटी के छात्र : कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार

लोकतंत्र की आवाज

**नंदलाल सिंह कॉलेज में 13 वर्गकक्ष, 4 बड़े हॉल तथा 9 छोटे-छोटे हॉल उपलब्ध हैं**



**शकील हैदर ब्यूरो**
छपरा। जयप्रकाश विश्ववविद्यालय और क्षेत्रान्तर्गत माहाविद्यालयों के सभी छात्र-छात्राओं को 15 दिनों के अंदर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से जोड़ दिया जाएगा। इससे जयप्रकाश विश्ववविद्यालय के छात्र देश के बड़े-बड़े पुस्तकालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ जाएंगे और वहां उपलब्ध पुस्तकों का वर्चुअल अध्ययन कर सकेंगे। माननीय कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने शुक्रवार को नंदलाल सिंह कॉलेज, दाउदपुर के औचक निरीक्षण के दौरान यह घोषणा की। कुलपति महोदय ने महाविद्यालय में घूम-घूमकर वहां के संसाधनों और आधारभूत संरचना का जायजा लिया। कुलपति महोदय ने कहा कि नंदलाल सिंह महाविद्यालय में काफी संसाधन और आधारभूत संरचना है जिसका लाभ नैक मूल्यांकन के दौरान कॉलेज को होगा। उन्होंने कहा कि यहां इतने संसाधन उपलब्ध हैं जिनकी बदौलत महाविद्यालय को नैक से ग्रेड 'ए' का मूल्यांकन प्राप्त हो सकता है।
नंदलाल सिंह कॉलेज में 13 वर्गकक्ष, 4 बड़े हॉल तथा 9 छोटे-छोटे हॉल उपलब्ध हैं। साथ ही आम के बड़े-बड़े फलदार वृक्ष भी हैं। कुलपति महोदय ने निर्देश दिया कि यहां फूड प्रोसेसिंग से संबंधित पाठ्यक्रम चलाए जाएं तथा इससे संबंधित अन्य लाभकारी कार्य किए जाएं। महाविद्यालय में प्राचार्य सहित 14 प्राध्यापक तथा 7 अतिथि प्राध्यापक हैं। माननीय कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए तथा जिन महाविद्यालयों में संसाधन उपलब्ध हों ऐसे माहाविद्यालयों में प्रोफेशनल कोर्स प्रारंभ किए जाने चाहिए।
इससे पहले माननीय कुलपति महोदय ने नंदलाल सिंह कॉलेज के वर्गकक्षों, पुस्तकालय और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रयोगशाला और पुस्तकालय को और सुदृढ करने तथा कक्षाओं में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश प्राचार्य डॉ केपी श्रीवास्तव को दिया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद और विश्ववविद्यालय के इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## पोखर की खुदाई से ग्रामीणों मे आक्रोश नियमानुसार कार्य करने को लेकर की गयी माँग



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के ग्राम कुशालपुर भुजवा पोखर और ग्राम दादर पोखर का जीर्णोद्धार कार्य को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी एवं सिचाई विभाग को आवेदन दी गयी। वही ग्रामीणों का कहना है जिस प्रकार पोखर की खुदाई होनी चाहिए लेकिन नहीं हो पा रही है।सिर्फ लगभग डेढ़ से दो फिट खुदाई की जा रही है।जिससे इस क्षेत्र के किसान एवं समाज के लोगों को इस योजना वंचित रहा जाएंगे। क्योंकि पानी जमीन से नहीं निकाली गयी और नहीं तो एक सिमित तक खुदाई की जा रही।जिससे की जल जमाव हो सके और किसान लोग उस पर्याप्त पानी से खेती सहित मवेशियों को पानी पीला सके। वही विजय मुर्मू ने बताया की कार्य मे हो रही गड़बड़ी को लेकर कार्य करवा रहे लोगों से बात करने पर किसी प्रकार की बात सुनने को तैयार नहीं हुए। दूसरे दिन धमकी और रंगदारी का आरोप लगाया गया। वही ग्रामीणों के द्वारा सिचाई विभागीय पदाधिकारी सहित जिलाधिकारी से उचित जाँच कर करवाई एवं स्टीमेट का बोर्ड लगवा कर काम करने की माँग किए। इस मौके पर विजय मुर्मू, मकबूल अंसारी, रोहित सोरेन,लाखो देवी, राजेश मुर्मू, ठाकुर मुर्मू, राकेश टूडू, तल्लु किस्कू, सुनामुनी देवी, दुलार किस्कू, नरेश तुरी, मकबूल अंसारी, दुलाय हेमब्रेम, सहित कई ग्रामीण लोगों ने इस पोखर खुदाई से असंतुस्ट होकर विरोध जताते हुए बोले इस पोखर की नियमानुसार खुदाई होनी चाहिए ताकि अगल बगल के सभी किसानों का पड़ा बंजर भूमि मे फसल उपज सके। नियमानुसार नहीं खुदाई की जाएगी तो ग्रामीणों एवं किसान के द्वारा विरोध प्रदर्शन की जाएगी।

## बरहरवा के रिंकू शेख बने भाजपा गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के संयुक्त प्रभारी

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
बरहरवाः-भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी रणनीति तैयारी में जुट गई है, भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पार्टी के पदाधिकारियों को सभी लोकसभा क्षेत्र में प्रभारी व संयुक्त प्रभारी के रूप में नियुक्त किया है, भाजपा प्रदेश महामंत्री ने पत्रांक इखढटट/7/24 जारी कर गोड्डा लोकसभा क्षेत्र संयुक्त प्रभारी के रूप में बरहरवा के रिंकू शेख,रेहान रजा व आलमगीर अंसारी एवं राजमहल लोकसभा क्षेत्र से एस एम ताजदार आलम प्रभारी शाहजहाँ (काजू) सह प्रभारी,सादेकुल आलम सह प्रभारी,बबलू शेख को सह प्रभारी के रूप में नामित घोषित किये है।वहीं रिंकू शेख ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरे विश्वास व निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा।

## प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्यः ए0 डी0 आर0 एम0

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
पीरपैंती। संजीवनी गंगा एवं गंगा मिशन के निःशुल्क पेयजल अभियान में शिरकत करने आए पूर्व रेलवे मालदा मंडल के ए0 डी0 आर0 एम0 शिव कुमार प्रसाद ने कहा इस भीषण गर्मी और गर्म हवा ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। लोगों के शरीर में पानी की कमी हो रही है जिस कारण कभी कभी डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। ऐसे में संजीवनी गंगा का निशुल्क पनसल्ला ,प्याऊ राहगीरों को राहत देने का कार्य कर रहा है। हम इसके लिए संस्था को मुबारकबाद देते हैं। स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार ने कहा मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं। प्यास का धर्म पानी ही है।केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान ने कहा मानव सेवा के लिए कार्य करने वाले सभी संस्था सभी लोगों को एक प्लेटफार्म पर आकर परोपकार का कार्य करना चाहिए। प्रकृति प्रेमी अमित कटारूका ने कहा जहां जल है वहां जीवन है और जहां जीवन है वहां सेवा है। सभी ने मंच से पीरपैंती वासियों से इस निःशुल्क पेयजल अभियान में सहयोग करने का आह्वाहन किया। मौके पर ब्राइट पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल मो0 इसराइल ,विपिन कुमार, राजकुमार रजक ,मनोज यादव मौजूद रहे। व्यवस्था में सहयोग रंजीत पासवान, उमा शंकर पंडित, मो0 रशीद का रहा। संस्था के संस्थापक मो0 अयाज ने कहा प्रतिदिन एक बजे दिन तक लगभग चार सौ लीटर पेयजल की खपत हो रही है।

## बी एस के महाविद्यालय मै एन एस यू आई ने सेमेस्टर 2 सत्र 2022-26 छात्रों के साथ मिलकर mdc1 के विभिन्न विषयों की परीक्षा दोबारा कराए जाने की मांग

लोकतंत्र की आवाज



बरहड़वा गुरुवार को बी एस के महाविद्यालय में एनएसयूआई स्टेट चेयरमैन थॉमस रॉबर्ट ने सेमेस्टर 2 सत्र 2022-26 के छात्रों के साथ मिलकर टऊ्र 1 के विभिन्न विषयों की परीक्षा दोबारा कराए जाने की मांग रखी। ज्ञात हो कि 30 अप्रैल को टऊ्र 1 की परीक्षा हुई थी। यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा की तिथि को लेकर जो नोटिस जारी की गई थी उसे लेकर छात्र असमंजस में थे, जिस कारण बी एस के महाविद्यालय के ही सैकड़ो छात्रों की परीक्षा छूट गई। इस कारण छात्रों पर मानसिक तनाव बढ़ा और कई छात्र आक्रोशित हुए जिसकी सूचना मिलते ही एनएसयूआई स्टेट अध्यक्ष एवं एनएसयूआई कॉलेज इकाई के महासचिव सोयेब अख्तर ने छात्रों की मांग को लिखित रूप में प्राचार्य के द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा। बताते चले की एनएसयूआई कॉलेज महासचिव सोयेब अख्तर ने बताया कि अगर यह परीक्षा पुन :आयोजित नहीं करते हैं तो सैकड़ो बच्चों की भविष्य खराब हो सकता है और एनएसयूआई इन बच्चों को भविष्य खराब होने नहीं देंगे। और छात्र संघ ने परीक्षा छूट हुए विद्यार्थियों को भरोसा दिलाया कि यह परीक्षा को पुनः आयोजित करके ही दम लेगी। मौके पर अमीर, फैजल, अजय आनंद अजय, मोतिउर रहमान, जयंत कुमार, राजू सोरेन, नेहा दास, प्रियंका कुमारी, शिल्पा कुमारी, एवं सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## चाहे पड़े केतनों गरमी...वोट देबे जईह तू जरूर ए मतदाता भैया...

लोकतंत्र की आवाज

**योगियां व घुरापाली हाईस्कूल के छात्र व शिक्षक लोक गीतों के माध्यम से मतदान के प्रति फैला रहे जागरूकता**




एकमा (सारण)। मतदाताओं से वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग के साथ बिहार सरकार के शिक्षक व छात्र भी आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें रसूलपुर एकमा प्रखंड क्षेत्र के रामनंदन हाईस्कूल योगियां व केडी हाईस्कूल घुरापाली के संगीत शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने मिलकर सारण के प्रसिद्ध बटोहिया गीत की थीम पर आधारित मतदाता जागरुकता गीत प्रस्तुत किया है। केडी हाईस्कूल के संगीत शिक्षक व जाने माने तबला वादक अजय पांडेय के निर्देशन में गीत को तैयार किया गया है। प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव के नेतृत्व में शिक्षक व लोकगायक रामेश्वर गोप, संगीत शिक्षिका अर्चना मिश्रा, राजेश प्रसाद , शिक्षिका कामिनी, नेहा,सुनैना व स्कूल की छात्राओं ने मिलकर गायन किया है। गीत के बोल चाहे पड़े केतनों गरमी ...वोट देबे जईह तू जरूर ए मतदाता भैया...! को गायक श्री गोप ने खुद लिखा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मतदाता जागरुकता गायन में शिक्षक आसिफ इकबाल, प्रिंस, राकेश तिवारी, उमेश पांडेय, कर्पुरी, अतूल कुमार, रात्रि प्रहरी शिवकुमार, विकास लेखपाल दिनेश दूबे ने अहम भूमिका निभाई व कलाकारों का हौंसला अफजाई किया है।

# तरैया : राजद कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



तरैया (सारण)। प्रखंड के शाहनेवाजपुर गांव स्थित राजद कार्यालय पर शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के सभी घटक दलों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर राय ने किया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने आपस में समन्वय स्थापित कर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई एवं विचार विमर्श किया साथ ही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के नामांकन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गई। राजद प्रखण्ड अध्यक्ष तारकेश्वर राय ने बताया कि इंडिया गठबंधन के वरीय नेताओं द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में देश में आगोशित आपातकाल, बेतहासा बढ़ती महंगाई- बेरोजगारी, और जनहित मुद्दों पर आम जनता को बताने एवं महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों से अपील की जा रही हैं। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, राजद जिला महासचिव अखिलेश यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष ललन प्रसाद यादव, रवि राय भिखारी है मुखिया प्रतिनिधि वीर बहादुर राय, हरेंद्र सहनी, पूर्व मुखिया मो. आजाद उर्फ टनटन, पंचूलाल राय, संतोष यादव समेत इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस खोला गया

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
साहिबगंज लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त हेमंत सती के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गाली देने से मना किया तो मारपीट कर किया जख्मी



बगहा। भैरोगंज थाना क्षेत्र के देउरवा गांव में दुकान के पास खड़ा होने पर अकारण गाली देने से मना करना पड़ोसियों को महंगा पड़ गया। 50 वर्षीय रहीम देवान, 28 वर्षीय रेयाजुल देवान, रेयाजुल देवान की 26 वर्षीय पत्नी बेबी खातून आदि को मारपीट कर जख्मी कर दिया। स्वजन सभी को इलाज के लिए अनमंडलीय अस्पताल लाए। सभी का इलाज चिकित्सक ने किया। घायलों ने बताया कि इजहार, आफताब, राजू, मेराज आदि ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बोरिंग से पानी पटाने को लेकर हुई मारपीट में तीन भाई घायल अस्पताल में भर्ती



बगहा। सेमरा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर में बोरिंग से खेत में पानी पटाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट में तीन भाई गभीर रुप से घायल हुए गए। स्वजनों के द्वारा इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ चंदन कुमार ने प्राथमिक उपचार किया प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने बताया की घायल व्यक्ति की स्तिथी समान्य हैं। घायल तीनों भाइयों की पहचान प्रतापपुर गांव निवासी स्वर्गीय बंधु यादव के पुत्र उदेश यादव, सुरेश यादव, तपेशर यादव के रुप में हुई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बगीचे में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी



क्षितिज राज
बेतिया। नौतन थाना क्षेत्र के दक्षिण तेलहुआ गांव में रफी ख़ान के बगीचे में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर लाश को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बेतिया भेज दिया बताते चलें कि युवक की पहचान हरदी पट्टी गांव की सूरज कुमार के रूप में की गई है इसके माता–पिता नहीं है वह अपने जीजा बृजेश यादव के यहां रहता था अब युवक की हत्या कैसे हुई यह सभी के लिए चर्चा का विषय है बना हुआ है वही नौतन थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामला हत्या का लग रहा है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कुछ भी कहा जा सकता है ।

# छात्र राजनीति से कैरियर आगाज करने वाले पॉलिटिक्स के बड़ा चेहरा कामरेड अतुल कुमार अंजान अब नहीं रहें

लोकतंत्र की आ०वाज

**भारतीय राजनीतिक का एक जाना पहचाना नाम कामरेड अतुल कुमार अंजान की मौत से एक अपूरणीय छती हुईं हैं**



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी ।** केसरिया में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नेताओं ने शोक सभा का आयोजन किया। देश में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल चुनावी प्रचार में जुटे हुए हैं, उधर शुक्रवार को देश ने एक नेता को खो दिया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता अतुल कुमार अंजन की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई।अतुल कुमार अंजान की मौत के बाद राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ पड़ी भारतीय राजनीतिक का एक जाना पहचाना नाम कामरेड अतुल कुमार अंजान की मौत से एक अपूरणीय छती हुईं हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला सह सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि 70 वर्षीय नेता अतुल कुमार अंजन लंबे समय से कैंसर के बीमारी से जूझ रहे थे शुक्रवार को सुबह 3:45 पर उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली पार्टी के वरिष्ठ नेता सीताराम यादव ने बताया कि अतुल कुमार अंजन एक वरिष्ठ नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव थे अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव भी थे ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के जिला सचिव साथी धनंजय ने बताया कि कामरेड अतुल कुमार अनजान अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र जीवन में ही शुरू कर दी थी उनके द्वारा किया गया छात्र आंदोलन काफी प्रभावी रहा अनजान की स्कूली शिक्षा लखनऊमें हुई थी। उसके बाद अतुल कुमार अनजान लखनऊयूनिवर्सिटी से सन 1967 में ग्रेजुएशन तथा 1972 में पोस्ट ग्रेजुएट एवं 1983 में एलएलबी की पढ़ाई की। अतुल कुमार रंजन ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के उत्तर प्रदेश के राज्य अध्यक्ष थे तथा लखनऊयूनिवर्सिटी से अध्यक्ष पर चार बार जीत हासिल की अतुल कुमार अंजन घोसी लोकसभा सीट से कई बार चुनाव लड़ चुके हैं मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल सचिव कामरेड निजामुद्दीन खान, गया प्रसाद, रामवृक्ष सहनी, नारायण किशोर राय, याकूब खान, त्रिभुवन प्रसाद, समेत कई अन्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## चिलचिलाती गर्मी में दोन नहर का पानी बना फसलों के लिए संजीवनी नहर में पानी देख किसानों ली राहत की सांस, सैकड़ों किसानों के खिले चेहरे



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा /** प्रखंड के दोन केनाल नहर में बुधवार को पानी देख किसानो में खुशी उमंग छाया हुआ है। विदित हो की चिलचिल्लाती गर्मी में किसानों को फसल में पटवन के लिए पानी की किल्लत हो रही थी नदी तालाब जल स्त्रोत के सभी संसाधन यहां तक के बोरिंग ठप होने के कगार पर पहुंच गया था, जिससे गन्ना, मका, गर्मा धान, मूंगफली आदि फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को पानी के भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था, जो बुधवार को नहर में पानी देख किसानों के चेहरे खिल उठे है।किसान रुस्तम अंसारी, औरंगजेब अंसारी, भूपनारायण सोखा, नूरद्दीन मियां, दिलीप महतो, क़यामद्दीन अंसारी, रंजन कुमार, भिखारी खां, चमारी महतो आदि का कहना है कि इस चिल चिल्लाती गर्मी में नहर में पानी आ जाने से गन्ना और गरमा धान सहित सभी फसलों को संजीवनी के रूप में नहर से पानी ससमय मिला है। विदित हो कि उक्त नहर बाल्मीकि नगर गंडक बैराज से होते हुए बगहा, रामनगर तथा गौनाहा प्रखंड सिंचित करते हुए भारत नेपाल सीमा इनरवा बॉर्डर से नेपाल के पारसा जिला तराई क्षेत्र में सिंचाई बहाल होता है। नहर में पानी आ जाने से प्रखंड से लेकर नेपाल तक के सभी किसानों को फायदा मिलेगा।

## मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने हेतु रंगोली, मेंहदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**बेतिया से ब्यूरो नीरज मिश्रा**
लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में जिले के शत–प्रतिशत मतदाता अपने–अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, इस हेतु स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निरंतर कराया जा रहा है। मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने हेतु जागरूक करने में सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज संत कोलंबस स्कूल, बेतिया में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित आकर्षक रंगोली, पेंटिंग बनाएं और हाथों पर जागरूकता से संबंधित मेंहदी को सजाया।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, श्रीमती अलका सहाय, जिला स्वीप कोषांग की सदस्या, सुश्री मेरी एडलीन सहित स्वीप कोषांग के सभी सदस्य उपस्थित थे।मतदान_का_महात्यौहार_बिहा रहै_तैयार।

# मोतिहारी : भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए, राजद के कई नेता भाजपा के जिलाध्यक्ष ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारीः** भाजपा जिला कार्यालय गांधी कॉम्पलेक्स में राजद (फखऊ) से अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं वैश्य समाज के कद्दावर नेता शंम्भू प्रसाद गुप्ता, समेत कई अन्य नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। बताया जाता है देश के प्रधानमंत्री के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। ज़िलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना एवं विधायक प्रमोद कुमार तथा विधायक पवन जयसवाल के समक्ष ली है सदस्यता। वही श्री गुप्ता ने कहा कि अपने पुराने घर वापस लौट आए हैं, तीसरी बार मोदी ज़ी प्रधानमंत्री बनाना है। वही केसरिया के पूर्व जिला पार्षद सुभाष गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, रवि गुप्ता, रवि साह, छोटे लाल कुमार, राजद नेता नंदलाल कुमार, निगम पार्षद चेतन कुमार, संतोष कुमार मिश्रा, प्रेम नाथ गुप्ता, बिट्टू कुमार गुप्ता, सुभाष साह जी, प्रभात कुमार सहित अन्य राजद कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया है। वही मोतिहारी विधायक सह पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार कहा कि भाजपा परिवार में आप सभी का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने कहा कि अबकी बार 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार।

# प्रतियोगिता के विजेता पश्चिमी चंपारण जिला के आदित्य राज बने

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**
प्तसभी खिलाड़ियों को अपने–अपने संसदीय क्षेत्र में वोट करने के लिए प्रेरित किया गया। प्तपहला मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता 2 मई बृहस्पतिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्तप्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 43 खिलाड़ियों ने भाग लिया।प्तप्रतियोगिता के विजेता बेतिया के आदित्य राज, उपविजेता आरा के नीरव विशाल और दूसरा उपविजेता मुंगेर के अनंत नारायण। अखिल बिहार शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा आयोजित हुआ पहला मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता 2 मई बृहस्पतिवार को ऑनलाइन लीचेस पे आयोजित हुआ। यह प्रतियोगिता 2 मई को रात 8 बजे से शुरू हुआ और रात 9:10 तक चला । यह प्रतियोगिता लीचेस पेयरिंग सिस्टम पर खेला जाएगा और खेलने का समय प्रत्येक मैच पाँच मिनट तीन सेकंड इंक्रीमेंट मैच में हुआ और कुल एक घंटा दस मिनट का प्रतियोगिता हुआ उसमे से टॉप दस आने वाले खिलाड़ियों को विजेता घोषित किया गया । उसमें से टॉप आने वाले 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमे से जितने वाले सभी खिलाडियों ट्रॉफी मेडल और डिजिटल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। चंपारण शतरंज अकादमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन के द्वारा रैंकिंग – 1 पश्चिम चंपारण के आदित्य राज 20 पॉइंट ,2 – आर के नीरव विशाल 20 पॉइंट ,03– मुंगेर के अनंत नारायण 18 पॉइंट, 04 – मुजफ्फरपुर के बिजेंद्र कुमार 16 पॉइंट, 05 – पटना के इकबाल फरीदी 14, 06–पश्चिमी चंपारण के शाहिद हुसैन 14 पॉइंट, 07–रुक सैक्रिफ़ाइस लीचेस आईडी नेम 14 पॉइंट, 08–हिमांशु कुमार भागलपुर 14 पॉइंट 09 नंद कुमार समस्तीपुर 13 पॉइंट, 10 – ओ पी सी ( ली चेस आईडी नाम ) 12 पॉइंट, पश्चिम चंपारण के तौहीद आलम को 8 पॉइंट के साथ 14 वा रैंक मिला, खगड़िया के आर्यन कुमार को 8 पॉइंट के साथ 17वां रन प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 43 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें पश्चिमी चंपारण के अपना चंपारण शतरंज अकादमी कोतवाली चौक बेतिया के छात्र आदित्य राज ने 26 पॉइंट के साथ यह प्रतियोगिता जीतकर पश्चिमी चंपारण जिलों को गर्व कराया है। अकादमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता ऑनलाइन कराकर पश्चिमी चंपारण, बिहार, भारत में जागरूकता अभियान के लिए कराया जा रहा है जिससे ज़्यादा से ज़्यादा मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। तीसरे चरण का मतदान लोकसभा चुनाव के बिहार में तीसरे चरण में पांच संसदीय क्षेत्र अररिया झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान 7 मई को होगा। इस जिले से इस प्रतियोगिता में ज़्यादा से ज़्यादा खिलाडियों ने भाग लिया। अपने पश्चिम चंपारण और बाल्मीकि नगर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 25 में को मतदान होगा इसके लिए चंपारण शतरंज अकादेमी के अनेक प्रकार के प्रतियोगिता और जागरूकता अभियान चलाए जाएगा और जिले में ज़्यादा से ज़्यादा मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी हो।

# पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में एन सी सी शिविर का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**क्षितिज राज**
पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वृंदावन पश्चिम चम्पारण के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने बताया कि बारह दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण एन सी सी शिविर (एन सी सी ए टी सी–ककक) का आयोजन पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पश्चिम चम्पारण में 25 बिहार बटालियन एन सी सी द्वारा 2 मई से प्रारंभ हो गया । जिसमे 500 कैडेट्स शामिल हो रहे है उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समादेशी पदाधिकारी, 25 बिहार बटालियन एन सी सी मोतिहारी कर्नल प्रदीप कुमार सिंह (सेना मेडल) ने योजनाबद्ध तरीके से सेना के विभिन्न क्रिया कलापों से बेतिया एवं मोतिहारी के लगभग सभी विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित होंगे तथा सेना में सेवा करने का पथ प्रशस्त होगा। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरि लाल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में काफी सुचारु तरीके से एन सी सी कैंप का संचालन किया जा रहा है। जवाहर नवोदय विद्यालय के गणित शिक्षक सह एन सी सी के ए एन ओ ने कहा कि एन सी सी कैंप काफी अच्छे तरीके से संचालित किया जा रहा है। जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक ने बताया कि 12 दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुनयोजित तरीके से संचालित किया जा रहा है।

# आईसीडीएस द्वारा पोषण ट्रेकर एवं वृद्धि निगरानी हेतु परियोजना स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थित शुक्रवार को सीडीपीओ कुमारी सुचेता की अध्यक्षता में पोषण ट्रेकर एवं वृद्धि निगरानी परियोजना स्तरीय प्रशिक्षण कैंपस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं उपस्थित थी। प्रशिक्षण में कुपोषण कम करने, भोजन की उपयोगिता एवं अन्य पोषक तत्वों की उपयोगिता आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। पोषण ट्रेकर एवं वृद्धि निगरानी की सावधानियां को भी बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी तरह के वजन मशीन का प्रदर्शन किया गया एवं उसका उपयोग करके भी दिखाया गया। सभी सेविकाओं से ग्रुप वर्क भी कराया गया। प्रशिक्षक के रूप में सीडीपीओ एवं प्रखंड समन्वयक ने प्रशिक्षण दिया। मौके पर प्रखंड समन्वयक नवीन कुमार गुप्ता, महिला पर्यवेक्षिका रूपम प्रिया, बबीता कुमारी, प्रीति कुमारी सहित सभी सेविकाएं उपस्थित थी।

# बगहा एक प्रखंड कार्यालय परिसर से अपाची मोटरसाईकिल की हुई चोरी

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**
सेविका अपने पति के साथ आवश्यक कागजात जमा करने पहुंची थी आईसीडीएस कार्यालय बगहा एक मोटरसाईकिल चोरी मामले में सेविका पति ने बगहा थाना को आवदेन देकर कार्रवाई की मांग की।बीडीओ ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के गार्डों में मुस्तैद रहने दिए सख्त निर्देश बगहा।बगहा एक प्रखंड कार्यालय के मेन गेट परिसर से दिनदहाडे गुरुवार की दोपहर करीब 1:42 बजे एक अपाची मोटरसाईकिल की चोरी हुई।चोर की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। अपाची मोटरसाईकिल का नंबर इफ 22अद4645 है, जो अपाची मोटरसाईकिल चौतरवा थाना क्षेत्र के हरदी नदवा पंचायत के मुरली पश्चिम टोला वार्ड नम्बर 4 निवासी आलमगीर मंसूरी की है।समाचार के मुताबिक बाल विकास परियोजना कार्यालय बगहा एक अंतर्गत हरदी नदवा पंचायत के मुरली पश्चिम टोला वार्ड नम्बर 4 के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 316 की सेविका फरजना खातून अपने पति इंसराफिल मियां के साथ अपाची मोटरसाईकिल से आवश्यक कागजात जमा करने के लिए प्रखण्ड कार्यालय बगहा एक पहुंची थी।जहां सेविका पति प्रखण्ड बगहा एक कार्यालय के नए भवन के मेन गेट परिसर में अपाची मोटरसाईकिल को लॉक कर आईसीडीएस कार्यालय में अपनी पत्नी सेविका फरजना खातून के साथ चले गए।वही कुछ ही देर बाद कार्यालय से वो बाहर निकला तो देखा कि मोटरसाईकिल गायब था।जहां सेविका पति इंसराफिल मियां हताश होकर आस– पास में अपाची मोटरसाईकिल की खोजबीन करने लगा।थक हारने के बाद ब्लॉक कैंपस के सीसीटीवी कैमरे के वीडियो और फुटेज को देखा तो अज्ञात दो चोरों ने बाहर खड़ी मोटरसाईकिल लेकर भाग गए। सीसीटीवी फुटेज में मोटरसाईकिल चोर नजर आ रहे हैं। जो पहले एक मोटरसाइकिल से दोनोंचोर प्रखण्ड कार्यालय पहुंचते हैं और एक चोर फोन पर बात करते करते वे दिनदहाड़े अपाची मोटरसाईकिल की चोरी कर और अपने साथ लाए मोटरसाइकिल के साथ आजा दोनों कर अज्ञात दोनों चोर मौके पर फरार हो गए। सेविका फरजना खातून ने रोते हुए बताई की अपाची मोटरसाइकिल की डिक्की में आंगनबाड़ी केंद्र की आवश्यक कागजात और आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक आदि कई जरूरी कागजात थे।वही सेविका पति इंसराफिल मियां ने चोरी मामले में बगहा थाना और एसपी कार्यालय में आवदेन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया हैं। बीडीओ प्रदीप कुमार ने बताया ब्लॉक कैंपस से अज्ञात दो चोरों ने मोटरसाईकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया हैं।जो ब्लॉक कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखे जा रहे हैं। इस संबध में स्थानीय बगहा थाना को कानूनी कार्रवाई हेतु सुचित किया गया साथ ही बगहा थाना को सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोरी की घटना का वीडियो और फुटेज को भेजा गया हैं। जिससे अज्ञात चोरों को पकड़ने में आसानी होगी साथ ही प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय बगहा एक के गार्डों को मुस्तैद रहने का सख्त निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य मोतिहारी से गिरफ्तार : रक्सौल व बेतिया पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



**लोकतंत्र की आवाज**
**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत** । पुलिस ने कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। रक्सौल थाने की पुलिस ने पश्चिम चम्पारण के इनरवा थाना क्षेत्र निवासी विनय गुप्ता को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बता दें कि सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने की जिम्मेवारी भी इसी गैंग ने ली थी। वहीं रक्सौल के डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि विनय गुप्ता की गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। रक्सौल और बेतिया पुलिस की मदद से इसे गिरफ़्तार किया गया है। विनय गुप्ता एक सक्रिय सहयोगी के रूप में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों की मदद करता था। जिसे पुलिस ने धर-दबोचा है। फिलहाल पुलिस उसे जेल भेजने की तैयारी में है।

### महाराजगंज लोकसभा के लिए तीन व सारण के लिए एक प्रत्याशी ने किया नामांकन





**लोकतंत्र की आवाज**
**छपरा (ई के के सिंह सेंगर)**। शुक्रवार को 19-महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए तीन व 20-सारण लोकसभा क्षेत्र के लिए एक प्रत्याशी के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में राज कुमार महतो- भारतीय सार्थक पार्टी, मोनू कुमार सिंह- गण सुरक्षा पार्टी व योगेन्द्र कुमार ठाकुर - अपना किसान पार्टी शामिल हैं। वहीं 20-सारण लोकसभा क्षेत्र से गजेंद्र प्रसाद चौरसिया ने जनहित किसान पार्टी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि सारण लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन का आज शुक्रवार को आखिरी दिन था।

### भीषण गर्मी में तरबूज ला रहे तरावट, खूब बिक्री

**लोकतंत्र की आवाज**
**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली**। प्रखण्ड क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू ने आम जन-जीवन को बहुत ही प्रभावित किया है।लोगों की मानें तो दिन की शुरुआत सुबह से होती है और सुबह के बाद सूर्य की किरणों में इतनी तपस होती है कि लोगों को सुबह के बाद दोहपर जैसा लगने लगता है।वहीं दोपहर के समय लू अत्यधिक मात्रा में चलता है और तापमान शीर्ष पर होता है।ऐसे में लोगों का घर से निकलना न के बराबर हो जाता है।जिससे सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ रहता है।हालांकि इस मौसम में प्रखण्ड क्षेत्र के बजरंगबली चौक,पुरानी बस स्टैंड,संगत चौक,नीचे बाजार,बायपास रोड आदि जगहों पर तरबूज का ढ़ेर लगा हुआ है। लोग गर्मी में तरावट लाने के लिए धड़ल्ले से तरबूज की खरीदारी कर रहे हैं।गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी होना आम समस्या है।फ्लूएड्स का सेवन इस मौसम में बढ़ाने की सलाह दी जाती है।हालांकि, इसके अलावा इस मौसम में कई ऐसे फल भी आते हैं, जो इस मौसम में आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकते हैं। इनका सेवन शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है और साथ ही ये गर्मियों में होने वाली कई बीमारियों से बचाने में भी मदद करते हैं।इस मौसम में थकान और सुस्ती को दूर करने के लिए तरबूज फल मददगार साबित होते हैं।गर्म हवाओं को मात देने के लिए तरबूज का सेवन काफी जरूरी है।यह स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें पानी भरपूर मात्रा में होता है।इसके अलावा यह फाइबर, पोटैशियम, आयरन और कई तरह के तत्वों से भरपूर होता है। तरबूज खाने से शरीर में पानी की कमी दूर होती है और पेट में ठंडक बनी रहती है।बाजार में तरबूज 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बिक रहा है।जो अन्य फलों के कीमत के अपेक्षाकृत काफी सस्ता भी पड़ रहा है।वहीं तरबूज के अलावे अनानास,खरबूजा,आम,अंगूर,संतरा,बेल,लीची,जामुन भी गर्मी के दिनों में लोगों द्वारा सेवन किया जाता है।ताकि भीषण गर्मी में भी शरीर में पोषक तत्वों की कमी न हो पाए।



# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हर बहनों के खाते में सलाना एक लाख रुपए : राजद नेता

**लोकतंत्र की आवाज**



**बिथान**। प्रखंड के सिहमा पंचायत क्षेत्र एवं हसनपुर प्रखंड के दुधपुरा पंचायत क्षेत्र में समस्तीपुर जिला राजद अध्यक्ष सह पूर्व विधान परिषद सदस्य रोमा भारती,जिला राजद उपाध्यक्ष ललन यादव,एससी एसटी सेल के जिलाध्यक्ष सत्यबिन्द पासवान,जिला राजद प्रवक्ता भिखारी लाल सिंह,जिला परिषद सदस्य रणवीर राय,मितुल सिन्हा,जयशंकर यादव,करण भास्कर, मनोज यादव आदि ने बृहस्पतिवार को खगड़िया लोकसभा से इण्डिया गठबंधन के सीपीआई (एम) प्रत्याशी संजय कुमार कुशवाहा के पक्ष में चुनावी प्रचार करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता एनडीए गठबंधन को नकारते हुए इण्डिया गठबंधन के साथ होकर समूचे देश के कोने कोने में इण्डिया गठबंधन के पक्ष में लहर चला रहे हैं।

मौके पर जिला राजद अध्यक्ष रोमा भारती ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनती है तो इसी 15 अगस्त से ही देश के सभी बहनों के खाते में सलाना एक लाख रुपये इण्डिया गठबंधन सरकार की ओर से सहायता राशि के रूप में दिया जायेगा। एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जायेगी। गैस सिलेंडर का दाम कम करके 500 रूपये किया जायेगा। बढ़ती महगाई पर अंकुश लगाया जायेगा। वहीं राजद जिला उपाध्यक्ष ललन यादव ने कहा कि 2014 से जब जब देश में लोकसभा का चुनाव हुआ है तब तब मोदी सरकार एक के बाद एक जुमला बनाकर मतदाताओं के बीच जुमला परोसकर देश के भोली भाली जनता को जुमले की बातों में लपेट कर वोट एकत्रित कर सत्ता पर काबिज होते ही जनता से किया वादा को मोदी सरकार दरकिनार करते रहे हैं।

उन्होंने एनडीए सरकार से सवाल करते हुए कहा कि जनता पुछ रहे हैं कि मोदी सरकार के किये वादे हर गरीब के खाते में 15 लाख रुपये देने की बात कहा था कहाँ है गरीब के खाते में 15 लाख रुपये जबाब दें मोदी सरकार ? मोदी सरकार ने हर साल 2 करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा किया था कहाँ है युवाओं का 2 करोड़ सरकारी नौकरी मोदी सरकार जबाब दें? अब 2024 का चुनाव चल रहा है तो एनडीए के लोग कहते फिरते हैं कि अबकी बार मोदी सरकार की सरकार बनेगी तो अगले पाँच सालों तक गरीबों को मुफ्त में अनाज मिलते रहेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि मोदी सरकार गरीबों की उत्थान की बात न करके गरीबों को गरीब बनाने का ही बात करते जा रहे हैं। ललन यादव ने कहा कि महागठबंधन शासन काल से ही निम्न दर पर स्वावलम्बी के तरह देश के गरीबों को अनाज दिया जाता आ रहा था, जिसे मोदी सरकार ने गरीबों का स्वावलम्बी खत्म कर देश के गरीब जनता को भिखारियों के लाइन में खड़ा कर दिया है और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गर्व से कहते हैं कि देश के गरीबों को मुफ्त में अनाज दे रहा हूँ। उन्होंने मोदी सरकार से सवाल करते हुए कहा कि मोदी जी देश के गरीबों को तो 10 साल तक गरीब बनाकर रखें ही है अब और कितने दिनों तक देश के गरीबों को गरीब बनाकर रखेंगे पुछता है देश की जनता मोदी सरकार जबाब दें ? उन्होंने कहा मोदी सरकार ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करूँगा,क्या आपने किसानों की आय दोगुनी किया जबाब दें मोदी सरकार?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2022 तक देश के हर गरीब के पास प्रधानमंत्री आवास का पक्का का मकान होगा, क्या आपने हर गरीब को प्रधानमंत्री आवास का पक्का मकान दिया जबाब दें मोदी सरकार ? वहीं राजद के अन्य नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के इस चुनाव में जनता से किया वादा को न बताकर इधर उधर की बातें बनाकर नया जुमला तैयार कर देश की जनता को गुमराह कर वोट एकत्रित करने की जुगाड़ में नये नये जुमला को परोस रहे हैं। लेकिन इस बार के चुनाव में देश की जनता एनडीए गठबंधन के मोदी सरकार के जुमला में फसने वाले नहीं है। देश की जनता स्वावलम्बी जिन्दगी के लिए कृषि, रोजी, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि विकास के लिए देश की जनता इण्डिया गठबंधन के साथ खड़े हो रहे हैं। इण्डिया गठबंधन के नेताओं ने सभी समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि इण्डिया गठबंधन के सीपीआई (एम) प्रत्याशी संजय कुमार को खगड़िया लोकसभा से जीत सुनिश्चित कराने के लिए आप सभी बुथ स्तर पर उत्साह और जोश के साथ आने वाले 7 मई के दिन होने वाले तीसरे चरण के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करें।

इण्डिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि इस बार की चुनाव में हवा की रूख बदला हुआ है। देश तरक्की के लिए लोग इण्डिया गठबंधन के साथ आते जा रहे हैं। उनलोगों ने एनडीए पर हमला बोलते कहा कि खगड़िया लोकसभा इस बार एक नया इतिहास लिखने जा रहा है। खगड़िया लोकसभा की जनता संजय कुमार कुशवाहा को हसुआ हथोड़ा तारा छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से जीताकर संसद भवन भेजने को जा रहे हैं।

## नाली सफाई में जमादार की लापरवाही पर नगर आयुक्त ने मांगा स्पष्टीकरण



**लोकतंत्र की आवाज़**

**गया** । प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग,बिहार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी मौनसुन 2024 में जल निकासी हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई है ।जिसमे गया नगर निगम की ओर से अभिलाषा शर्मा, नगर आयुक्त द्वारा भाग लिया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा बैठक में बताया गया की गया नगर निगम द्वारा बड़े एवं मध्यम, छोटे नालियों की सफाई हेतु दो बार निविदा प्रकाशित कराया गया परंतु मात्र दो ग्रुप में ही निविदा प्राप्त हुई है ।जिसमे आचार संहिता प्रभावी रहने के कारण सरकार के माध्यम से चुनाव आयोग से अनुमति प्राप्त की जा रही है। जिन नाला नालियों में निविदा प्राप्त नहीं हुआ है।उसमे वर्षा प्रारंभ होने में समय कम रहने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से गया नगर निगम क्षेत्र में 18 बड़े नालों एवं वार्ड के मध्यम एवं छोटे नालियों की सफाई प्रारंभ कराई गई है। जिस नाला में जहां पर मशीन से सफाई हो सकता है वहां मशीन से सफाई कराई जा रही है। डिसिल्टिंग मशीन, अन्य मशीन से नाला एवं भूगर्भ नाला की सफाई कराई जा रही है।नाला, नालियों की सफाई का नियमित अनुश्रवण किया जा रहा है। तीन जोन बनाकर उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारियों, मुख्य सफाई निरीक्षक द्वारा लगातार अनुश्रवण एवं निरीक्षण जा रहा है। जिस जमादार द्वारा लापरवाही बरती गई है उनसे स्पष्टीकरण किया गया है।प्रधान सचिव द्वारा क्यू. आर. टी. का गठन करने एवं फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वार्डवार रोस्टर के अनुसार फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़ काव कराया जाएगा। ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव किया जाएगा।

● वार्डवार रोस्टर के अनुसार फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा: नगर आयुक्त

## सिरदला- मूर्तियां गांव में निवारी की पुंज में लगी आग, हुआ नुकसान



**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
**सिरदला**। प्रखंड क्षेत्र के मूर्तियां गांव में नेवारी की एक पुंज में आग लग गई। जिसे गांव में हो हल्ला के साथ अपरा तफरी मच गया।

शोर शराबा सुनकर मौके पर दर्जनों ग्रामीण जुट गए।ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। नेवारी का पुंज मूर्तियां गांव के रामेश्वर प्रसाद का बताया गया है। जिसमें आठ हजार नेवारी रखा गया था। आग लगने की सूचना पर पहुंचे सिरदला के अग्नि समन वांहन के द्वारा बचे हुए नेवारी में लगी आग को अच्छी तरह से गया। मौके पर अग्निक रौशन कुमार एवं उनके सहयोगी तथा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## औराई में शॉर्ट सर्किट से दो दर्जन घर जलकर राख

**लोकतंत्र की आवाज**

● कई सिलेंडर में हुए विस्फोट, 20 लाख की संपत्ति जलकर हुई राख



**दीपक कुमार**
**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के औराई थाना क्षेत्र के नयागांव पंचायत के परसामा टोला में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग से तकरीबन दो दर्जनों घर जलकर राख हो गयी है। इस घटना से इलाक़े में अफरा तफरी मच गयी। वही इस अगलगी की घटना में कई सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। जिससे हड़कंप मच गया। इस आग लगीं की घटना में तकरीबन 20 लाख से ऊपर के नुकसान की बात बताई जा रही है। वहीँ सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने काफ़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताते चले कि पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के औराई थाना क्षेत्र के नया गांव पंचायत के परसमा गांव का है। जहां आज अचानक दोपहर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। वहीं जब तक लोग कुछ समझ पाते। तब तक देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। वही इस आग लगी की घटना में एक के बाद एक सिलेंडर में विस्फोट होने लगा। जिसके बाद इलाके के लोग दहशत में आ गए और मामले की सूचना स्थानीय थाना और अग्निशमन विभाग के लोगों को दी।

घटना की सूचना मिलते ही औराई थाना अध्यक्ष रूपक कुमार राजस्व कर्मचारी देवेंद्र कुमार और अग्निशमन विभाग की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। वहीं इस आग लगी की घटना में कई बकरियां भी जिंदा जल गई। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि आज अचानक दोपहर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और जब तक लोग कुछ समझ पाते। तब तक देखते ही देखते आग ने तकरीबन दो दर्जन घरों को अपने आगोश में ले लिया था।

वही इस आग लगी की घटना के बाद घर में रखे एक के बाद एक कई सिलेंडर में विस्फोट होने लगा। जिससे लोग दहशत में आ गए और पूरे मामले की सूचना स्थानीय थाना और अग्निशमन विभाग को दी। जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। वही इस आग लगी की घटना में लाखों रुपए मूल्य के संपति के नुकसान की बात बताई जा रही है।

## भीषण गर्मी में महादलित बस्ती में नल जल योजना फेल, पानी की किल्लत

**लोकतंत्र की आवाज**



**मशरक (सारण)**। जल ही जीवन है यह युक्ति बिल्कुल सही है। लेकिन भीषण गर्मी का महीना चल रहा है फिर भी मशरक नगर पंचायत के वार्ड - 15 महादलित टोला कतालपुर में नल जल योजना फेल हैं। महादलित टोला के ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि पूर्व के पंचायत के वार्ड सदस्य के द्वारा नल की जल योजना के तहत बस्ती में प्रत्येक घर नल का जल का पाइप सप्लाई किया गया था, बस्ती के लोगों को लगभग 2 से 3 साल पहले नल का जल प्राप्त हो भी रहा था। लेकिन अब इस योजना का लाभ बस्ती वाले लोगों को प्राप्त नहीं हो रहा है।

विगत कुछ वर्ष पहले नल की जल सप्लाई के मुख्य पाइप को किसी के द्वारा कनेक्शन अवरूद्ध कर दिया गया है या यह कहें कि पाईप सप्लाई कनेक्शन काट दिया गया है। बस्ती के बीचो-बीच एक सरकारी चापाकल भी है जो आए दिन खराब होते रहता है। किसी तरह ग्रामीणों के द्वारा इसका मरम्मत करवा कर पानी प्राप्त किया जाता। मशरक नगर पंचायत के पूर्व उप मुख्य पार्षद प्रत्यासी मीरा सिंह ने बताया कि इस बस्ती में जल की समस्या बहुत ही गम्भीर समस्या है, प्रत्येक मनुष्य के जीवन में जल का बहुत ही महत्व हैं यह कहना बिल्कुल सही है कि जल ही जीवन है, फिर भी मशरक नगर पंचायत अंतर्गत विभागीय लापरवाही के कारण महादलित बस्ती के लोग जल से वंचित है। इन बस्ती वालों की समस्या को मैं विभागीय अधिकारी तक पहुंचा कर समस्या का समाधान करवाने की पहल करूंगी।

## श्री नारद बाबा के आश्रम पर सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का आयोजन 6 जुलाई से, समिति का हुआ गठन

**लोकतंत्र की आवाज**



**छपरा (सारण)**। तरैया प्रखंड के नारायणी नदी के तट पर स्थित संत शिरोमणि श्री नारद बाबा के आश्रम जिमदहा में नवनिर्मित श्री मां दुर्गा भगवती की भव्य मंदिर बनकर तैयार हैं। मां दुर्गा भगवती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक यज्ञाध्यक्ष एवं यज्ञ संरक्षक संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज के नेतृत्व में नवदिवसीय श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को समिति का गठन किया गया एवं समिति में शामिल सदस्यों को यज्ञ के सफल आयोजन के लिए जिम्मेवारिया दी गई।

इस यज्ञ में यज्ञाचार्य श्री बुद्धि सागर मिश्र जी वाराणसी काशी के द्वारा विधिवत यज्ञ का पूजा-पाठ एवं हवन संपन्न कराई जाएगी। श्री सहस्त्रचण्डी महायज्ञ को लेकर संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में पूजा-पाठ, उपवास और धार्मिक अनुष्ठान का विशेष महत्व होता है। इस यज्ञ में छपरा, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मोतिहारी, चम्पारण, आरा, पटना समेत अन्य जिलों के श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पंकज बाबा, जिला पार्षद हरिशंकर सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, पैक्स अध्यक्ष प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह, देव कुमार सिंह, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, मंटू सिंह, मीडिया प्रभारी रंजन श्रीवास्तव, नीरज सिंह, कपूर सिंह, छोटू जी, ओमप्रकाश जी, भुनेश्वर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## शहर में शीघ्र ही कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट के प्रसंस्करण हेतु गया के नैली में प्लांट लगाया जाएगा

**लोकतंत्र की आवाज़**



**गया** । राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की समीक्षा सचिव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ,भारत सरकार के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई है। इस बैठक में नगर आयुक्त श्रीमती अभिलाषा शर्मा .के द्वारा गया शहर में वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं पीएम10 के स्तर को कम करने के संबंध में विशेष चर्चा की गई है।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के द्वारा किए गए सर्वेक्षण में गया नगर के समाहरणालय चौक ,मिर्जा ग़ालिब चौक, जयप्रकाश झरना, बुनियादगंज, सिकरिया मोड़,पटवा टोली, केपी रोड ,टेकारी रोड आदि को हॉटस्पॉट₹हाट स्पाट₹घोषित किया गया है। जिसके लिए गया नगर निगम के द्वारा हॉटस्पॉट एक्शन प्लान हाटस्पाट एक्सन प्लान तैयार किया गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गया शहर में शीघ्र ही कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट के प्रसंस्करण हेतु गया के नैली में प्लांट लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त गया के विभिन्न क्षेत्रों में इंड टू इंड पेएभेमेंट का निर्माण भी किया जाएगा। मालुम होगी पूरे भारतवर्ष में केवल 132 नगरों का चयन स्वच्छ वायु कार्यक्रम एन-सी ए पी के लिए किया गया है। जिसमें बिहार के केवल पटना ,गया एवं मुजफ्फरपुर नगर हैं।

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई करते हुए जारी किया आदेश

**लोकतंत्र की आवाज**

**समस्तीपुर**। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि देश के प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं। बिहार राज्य के समस्तीपुर जिला में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र नें राज्य सरकार से अपील की कि वह भी इस नजीर का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित करें कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। हाई कोर्ट का यह फौरी आदेश 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों नें अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ नें कहा सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए। खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है। याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए 'बेहद कड़ी नजर' रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले हीं संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु नें कहा बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है



और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है।

पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक हैं और राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुर्व्यापार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं।

हाई कोर्ट का यह आदेश ऐसे समय आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है और जिसे रोकने के लिए राज्य सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैरसरकारी संगठन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार नें कहा, राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे।

देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी के तौर पर हम पूरे देश के जिलाधिकारियों से इसी तरह के कदम उठाने की अपील करते हैं। डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कॉर्डिनेटर दीप्ति कुमारी और सूर्य कुमार चटर्जी नें बताया कि जमीनी स्तर पर हमारी पहलों ने यह साबित किया है कि बाल विवाह जैसे मुद्दों के समाधान में सामुदायिक भागीदारी सबसे अहम है। यह अदालती आदेश बच्चों की सुरक्षा के लिए समुदायों को लामबंद करने में स्थानीय नेतृत्व की जवाबदेही की जरूरत को रेखांकित करता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आग लगने से दो घर जलकर राख



**लोकतंत्र की आवाज**

**बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के अम्बाडीह गांव में बुधवार को चूल्हे की आग से निकली चिंगारी से दो घर जलकर राख हो गया। हालांकि , ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार अम्बाडीह गांव में चूल्हे की चिंगारी से मो. अफरोज आलम व मो. नासिर आलम के घर में भीषण आग लग गई। आग लगने पर अफरा–तफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर किसी प्रकार काबू पा लिया गया। आग से दोनों परिवारों का घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। इधर, आग से सबकुछ जल जाने के बाद पीड़ित दोनों परिवारों के सामने रहने व खाने का संकट व्याप्त हो गया है। दोनों परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। इधर पीड़ित परिवार ने गुरुवार को अंचलाधिकारी आशीष कुमार एवं बनमा ईटहरी थानाध्यक्ष ज्योतिष कुमार को आवेदन देकर मुआवजा की मांग किया हैं।

### सहरसा नगर निगम क्षेत्रो में नहीं हो रहा डोर टू डोर सफाई व कचरा उठाव

**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्रो में डोर टू डोर सफाई नहीं होने से नगर वासियो में काफ़ी आक्रोष देखा जा रहा हैं जहा तहा आस पास कचरे फैले रहते हैं जिससे संक्रमित बीमारियों का आशंका बना रहता है नियमित साफ सफाई नहीं रहने से जहां तहां लोगों द्वारा कचरा फेका जा रहा है और डोर टू डोर कचरा उठाव नहीं हो रहा है कई महीनो से कई समस्याओं से निगम वासियों को जूझना पड़ रहा है एक तरफ नालियों से बदबूदार पानी सड़क पर बह रहा है जहां तहां सड़को की स्थिती ठीक नहीं है कई स्थानों पर ढक्कन टूटा हुआ है सड़को की स्थिती ठीक नहीं रहने से आम राहगीरों को आने व जाने मे असुविधा रहता है जिससे आक्रोश रहना लाजमी है क्षेत्रो में समस्या ढाक के तीन पात है वर्षा के समय में नगर निगम क्षेत्रो में आवाजाही काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज**

**पतरघट सहरसा संवाददाता।** पतरघट पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार को छः लीटर देशी शराब, 2.22 ग्राम स्मैक मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करते बाइक भी बरामद किया है। इस बाबत पतरघट थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया की मंगलवार को पतरघट माणिकपुर निवासी प्रभु कुमार पिता सुखों यादव व एक अन्य व्यक्ति के द्वारा शराब लाये जाने और मानिकपुर निवासी सेन यादव के घर के पीछे मक्का खेत में छोटे – छोटे प्लास्टिक की पन्नी में पेकिंग करने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पुअनि वरुण कुमार शर्मा, पुअनि नीरज कुमार पासवान सहित थाना सशस्त्र बल के द्वारा छापेमारी की गई। जहां पुलिस को देख मानिकपुर निवासी प्रभु कुमार पिता सुखों यादव व एक अन्य भागने लगा। पतरघट पुलिस द्वारा खदेड़– कर प्रभु कुमार को गिरफ्तार करते 2.22 ग्राम स्मैक मादक पदार्थ, 6 लीटर देशी शराब, एक हीरो कंपनी की स्पेंलन्डर प्लस बाइक व तीन मोबाइल बरामद किया है। थाना अध्यक्ष ने बताया की गिरफ्तार प्रभु कुमार व भागने में सफल रहे एक अभियुक्त की पहचान कर कार्रवाई करते हुए पतरघट थाना में कांड संख्या दर्ज करते गिरफ्तार प्रभु को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं एक फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पतरघट पुलिस छापेमारी कर रही है।

### देश के विकास में कार्यरत सभी प्रेस साथियों को संजीव मिश्रा ने दिया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**लोकतंत्र की आवाज**




**पूर्णियां।** वरीय समाजिक कार्यकर्ता सह पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने लोकतंत्र को मजबूती देने और देश के विकास में कार्यरत सभी प्रेस साथियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने ई होम्स पैनोरमा में कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में प्रेस की भूमिका जनता के लिए मौलिक अधिकार अहम है। हर साल 3 मई को दुनिया भर में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2024 विश्व प्रेस दिवस 31वां विश्व प्रेस दिवस है। यह दिवस एक स्वस्थ और कार्यशील लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र प्रेस के महत्व को रेखांकित करता है। सूचना के अधिकार के लिए प्रेस की स्वतंत्रता भी आवश्यक है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने मौलिक अधिकार घोषित किया है। प्रेस एक सामान्य शब्द है जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों शामिल हैं।

# उमड़ती जन सैलाब से तेजस्वी ने पूछा तो पहना दूं भाई शाहनवाज को जीत का माला, भीड़ ने हाथ उठा दी सहमति

## तेजस्वी ने लालटेन पर बटन दबाकर शाहनवाज को अररिया सीट से विजयी बनाने का किया अपील

**लोकतंत्र की आवाज**



**रेणु गांव सिमराहा ।** सूबे के पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, शक्ति सिंह यादव ने रेणु गांव सिमराहा के मिडिल स्कूल फील्ड पर आयोजित आर जे डी के विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए राजद प्रत्याशी शाहनवाज को भारी मतों से जीतने का आह्वान किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। चुनाव देश को बचाने और बनाने का चुनाव है। देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के साथ-साथ गंगा जमुनी तहजीब बचाने का यह चुनाव है।

उन्होंने कहा कि आज देश का सबसे बड़ा दुश्मन बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई है लेकिन प्रधानमंत्री महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं वे केवल हिंदू मुसलमान के बीच झगड़ा लगाकर दस वर्षों से राज करने का काम कर रहे हैं। तेजस्वी प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठा प्रधानमंत्री करार दिया ।वहीं भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि 17 महीने के अपने कार्यकाल में उन्होंने 5 लाख सरकारी नौकरी देने का काम किया और यदि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो 15 अगस्त को देश में एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत पांच सौ रुपये करने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने, प्रति साल गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली बहनों को एक लाख रूपए का सहयोग देने की भी बात कही। उन्होंने आमजनों से संगठित होकर राजद प्रत्याशी के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करने की अपील की। उमड़ती जन सैलाब से तेजस्वी ने पूछा तो पहना दूं भाई शाहनवाज को जीत का माला, भीड़ ने हाथ उठा नारे लगा कर सहमति दी।

चुनावी जनसभा में तेजस्वी प्रसाद के अलावे राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, वी आई पी पार्टी के सुप्रीमों मुकेश सहनी, प्रत्याशी शाहनवाज,सीमावर्ती विधानसभा के कई इंडी गठबंधन के नेता पूर्व सांसद सुकदेव पासवान, पूर्व विधायक जाकिर अनवर, फारबिसगंज विधानसभा सीट से राजद के पूर्व प्रत्याशी रहे वरीय अधिवक्ता सह तस्लीम साहब के करीबी के एन विश्वास, अरुण यादव, प्रो.क्रांति कुंवर , सुरेश पासवान, विजय सिंह यादव, यूथ लीडर अविनाश आनंद सहित भारी संख्या में इंडी गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वाईएनपी डिग्री कॉलेज रानीगंज में कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई



**लोक तंत्र को आवाज़**

- स्नातक द्वितीय खण्ड ऑनर्स 2024 की परीक्षा: डॉ.अशोक कुमार आलोक

**रानीगंज।** वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज परीक्षा केंद्र पर पूर्णिया विश्वविद्यालय , पूर्णिया की स्नातक द्वितीय खण्ड 2024 प्रतिष्ठा की अंतिम दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई ।

प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ अशोक कुमार आलोक के हवाले से सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 752 तथा द्वितीय पाली में 365 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए । शुक्रवार प्रथम पाली में ग्रुप ₹सी₹ विषय मनोविज्ञान,दर्शन शास्त्र,संगीत, हिंदी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान समाजशास्त्र तथा द्वितीय पाली में ग्रुप ₹डी₹ विषय इतिहास, उर्दू , पर्शियन , संस्कृत,मैथिली , बंगाली , गांधी विचार धारा की परीक्षा थी ।

विश्वविद्यालय ने एम एल डी पी के यादव कॉलेज, अररिया कॉलेज अररिया तथा अलसम मिल्लिया डिग्री कॉलेज का परीक्षा केंद्र वाई एन पी डिग्री कॉलेज , रानीगंज में निर्धारित किया है । मुख्य प्रवेश द्वार पर केंद्राधीक्षक की उपस्थिति में महाविद्यालय कर्मियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थियों से चिट पुर्जा मोबाइल ,किताब , रखवा लिया गया । केंद्राधीक्षक डॉ अशोक कुमार आलोक , सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए प्रत्येक कक्ष में सघन जांच करते दिखे । प्रोफेसर ( डॉ ) राजनाथ यादव , कुलपति , पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया तथा परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर ए के पांडे के निर्देश के अनुपालन में कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रो डॉक्टर मो रउफ़ को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

डॉ नूतन आलोक ,परीक्षा नियंत्रक सैफुल इस्लाम , सहायक परीक्षा नियंत्रक प्रो सुरेश प्रसाद ,प्रो सूर्यानंद यादव , प्रो इंदु कुमारी प्रो हजारी सिंह ,प्रो भूषण यादव , प्रो योगेंद्र यादव ,प्रो बुद्धिनाथ सिंह प्रो प्रमोद यादव ,प्रो बेदानंद यादव प्रो कुमारी रुक्मिणी, प्रो सुभाष चंद्र सिंह,रितेश राज , शिवम कुमार, नवनीत कुमार ,सौरव कुमार यादव, पृथ्वीचंद यादव आदि सक्रिय थे ।

# रोशना थाना प्रभारी पर लगा महिला को पीटने का आरोप प्रभारी द्वारा बताया गया मुझे फ़साने की की जा रही है साजिश



**लोकतंत्र की आवाज**

**प्राणपुर।** कटिहार के रोशना थाना प्रभारी तारीख अनवर अंसारी पर एक महिला सुकतारा खातून के द्वारा थाने मे लाकर पीटने का आरोप लगाया जा रहा है वही महिला के द्वारा कटिहार रढ को भी आवेदन देने की बात कही गई महिला द्वारा बताया गया की रोसना पुलिस रात मेरे घर मानिक नगर पहुँच कर मुझे मारा पीटा गया और जबरन गाड़ी मे बिठा कर रोशना थाने ले आई और थाने मे भी पीटा गया और सुबह पीड़िता को जबरन मायके बंगाल भेज दिया गया वही दूसरी ओर रोशना थाना प्रभारी द्वारा अपना पक्ष रखते हुवे बताया की ये सभी बाते बेबुनियाद है और मुझे फ़साने की कोसिस की जा रही है इस मामले मे वरीय पदाधिकारी ने कहाँ की इसकी गहनता से जाचोपरान्त कर करवाई की जाएगी वही प्रीत महिला का पति मोहम्मद इसराफूल ने बताया कि पुलिस पर लगे आरोप झूठ है।

# सहरस: एनसीसी गर्ल्स बटालियन ने रैली निकालकर मतदाताओ को किया जागरूक

**लोकतंत्र की आवाज**




**सहरसा संवाददाता।**बिहार गर्ल्स बटालियन के तत्वाधान में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओ को जागरूक किया गया। इस अवसर पर रमेश झा महिला महाविद्यालय, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, रूपवती कन्या उच्च विद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा सहरसा कॉलेज सहरसा से प्रारंभ कर सहरसा स्टेडियम तक मतदाता जागरूकता रैली निक– ाली गई।

साथ ही साथ जन– जन को यह संदेश दिया गया कि हमे अपने मतदान का सही और जिम्मेदारी के साथ प्रयोग करके देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। प्रजातंत्र को सफल बनाने के लिए प्रतीक नागरिक को अपने कर्तव्य के साथ–साथ अधिकार का उपयोग करना आवश्यक है। अधिक से अधिक मतदान होने पर योग्य एवं सक्षम सरकार का गठन होता है जिसकै कारण देश का विकास तेजी से होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अवश्य मतदान कर– ना चाहिए करना जरूरी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजीव सिन्हा, कमांडिंग ऑ– फिसर कर्नल रणधीर सतीश डी, केयर टेकर डॉ पूजा कुमारी और सूबेदार संतोष प्रधान, स– बेदार श्याम शर्मा, हवलदार विश्वजीत, जी सी आई दीक्षा, केयर टेकर शिफत खानम साथ ही कार्यक्रम के एनसीसी कैडेट्स में मुख्य रूप से कैडेट पूनम, सुले– खा, खुशबू, पुनीता, स्वीटी, प्रियंका, नवदुर्गा, मुस्कान, रूपम, रानी, खुश्बू, अंशु, भारती, नेहा रिचा, अनुपम, शिवानी, रोशनी, नेहा इत्यादि शामिल थे।

# जीतने पर सांसद व विधायक मिलने तक के लिए नहीं आते हैं विकास नहीं तो वोट नहीं

**लोकतंत्र की आवाज**



**पतरघट सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के बुधवार को धबौली बैंक चौक पर स्थानीय किसानों, मजदूरों एवं युवाओं द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में सरकार एवं जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया। साथी लोगों का कहना था कि वोट के समय में सांसद विधायक आते रहते हैं जब जीत करके जाते हैं तो जनता से मिलना मुनासी तक भी नहीं समझते हैं वर्तमान के विधायक व सांसद अभी तक हम लोग से मिलने तक के लिए भी नहीं आए हैं आखिर हम लोग मत किसको दें।

धबौली पश्चिमी के लोगों ने हाथों में तख्ती लिए घोड़परास के आंतक से किसानों को मुक्ति दिलाने, ग्रामीण सड़कों में नाला निर्माण होने, संस्कृत मध्य विद्यालय कोउच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने, नल जल को चालू करने की मांग कर रहे थें। उनकी मांग पुरी नहीं होने पर वोट वहिष्कार करने की बात कही है। धबौली युवा मंच के अध्यक्ष किसान चंद्रभानु पिंकू, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सिंह बचनू, रंजन सिंह, चंद्रशेखर सिंह, सुनील सिंह, ध्रुव सिंह, अनिल सिंह, सीताराम कामती, रतन सिंह, विनोद सिंह, सुरेन सादा, सोनू सिंह, चुन्नू सिंह, शंभू सिंह, भूपेन्द्र सिंह,रविन्द्र सिंह, निशांत कुमार,, सुरज, मिड्डू सिंह, विनोद रजक, नितेश कुमार, मोती साह, बद्री साह, अजय पोद्दार, अर्जुन मंडल, प्रकाश मुखिया, गुड्डू पोद्दार, रीता देवी, मानकिया देवी, विमला देवी सहित कई मौजूद थे।

# पत्नी का हत्यारा प्राणपुर पुलिस की गिरफ्त में घटनास्थल से रड का पाइप भी हुआ बरामद

**लोकतंत्र की आवाज**



**प्राणपुर।** पत्नी को पति ने आपसी रंजिश के कारण तेज धार हथियार से मार कर फरार हो गया। घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई ।उक्त घटना काठघर पंचायत अंतर्गत कुम्हरा संथाली टोला गांव की बतायी जाती है। प्राणपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेजा। थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने बताया कि पत्नी का हत्यारा रूप लाल हांसदा साकिन मनसोखा पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटनास्थल से रड का पाइप बरामद किया गया है ।इस मामले में मृतिका बहा मुर्मू के पिता मिर्जा मुर्मू के फर्द बयान पर मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर घटना को लेकर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल बना हुआ है। मृतिका की मां हुप्पनमय मरांडी ने बताया कि पति–पत्नी की आपसी लड़ाई शुक्रवार को मनसोखा पति के घर में हुई थी। मेरी बेटी को मारपीट कर दामाद भगा दिया था। बेटी मेरे घर कुम्हरा संथाली टोला आकर सब कुछ बताई। शनिवार की रात को दामाद आया और तेजधार हथियार से वार कर उसकी जान ले ली। मृतिका को दो बेटा और एक बेटी है। जो अब बेसहारा हो गया है। मृतिका के पिता मिर्जा मुर्मू ने बताया कि मकई काटने के लिए घर से बाहर गया था। घटना की जानकारी मिलते ही घर आया तो देखा कि मेरी बेटी का शव क्षत विक्षत हुआ था।

# दूल्हे के कार और हाइवा की आमने-सामने की टक्कर, दूल्हा सहित पांच लोग जख्मी

**लोकतंत्र की आवाज**



**कटिहार।** प्राणपुर थाना क्षेत्र के कालेश्वर चौक के समीप एनएच 81 मुख्य सड़क पर शादी करने आजमनगर से भागलपुर जाने के क्रम में दूल्हा के कार और हाइवा की आमने–सामने की टक्कर, एक बच्चा एक महिला सहित पांच लोग बुरी तरह हुआ जख्मी, पहुंचा प्राणपुर होसपिटल।

जख्मी के परिजनों द्वारा बताया गया कि दूल्हा सहित सात लोग कार पर सवार होकर शादी करने के लिए आजमनगर से भागलपुर जाने के क्रम में, कटिहार की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे हाईवा के द्वारा कालेश्वर चौक के समीप एनएच 81 मुख्य सड़क पर आमने–सामने की टक्कर हो गई, जिसमें दुल्हा,एक बच्चा, एक महिला सहित पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गया, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से सभी पांचों लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर लाया गया, जहां डॉक्टर के द्वारा उत्तम इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया, वहीं बताया गया कि दूल्हा अजय कुमार और इनके एक बराती को हल्की चोट लगी है , घटना मालूम होते प्राणपुर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर हाईवा एवं कार को जप्त कर लिया गया है, सूचना प्रेषण तक सभी घायलों की स्थिति सामान्य बताइए गई है।

# मतदान हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय पर्व है : कुलपति डॉ. अशोक कुमार

**लोक तंत्र की आवाज़**




- एनसीसी कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी एवं रैली

**मधेपुरा।** मतदान हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय पर्व है। इसके जरिए हम अपने समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाते हैं। यह बात श्रीकृष्ण विश्वविद्यालय, उदाकिशुनगंज के कुलपति सह मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कही। वे शुक्रवार को मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा में राष्ट्रीय कैडेट कोर ( एनसीसी ) द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता संगोष्ठी सह रैली का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन 17 बिहार बटालियन, एनसीसी, सहरसा के निदेशानुसार किया गया।

**राष्ट्र — निर्माण का यज्ञ है मतदान:** उन्होंने कहा कि मतदान वास्तव में राष्ट्र– निर्माण का यज्ञ है। इसमें हमारा एक– एक वोट महत्वपूर्ण है। हम अपने वोट के माध्यम से अपना जनप्रतिनिधि चुनते हैं, जो हमारी राष्ट्रीय नीतियों को तय करते हैं। जाहिर है कि

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि युवा ही राष्ट्र के भविष्य हैं। उन्हें आगे बढ़कर राष्ट्र–निर्माण की जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए। युवाओं को उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लेना चाहिए और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

**लोकतंत्र की मजबूती के हो रहे हैं कार्यक्रम:** कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन करते हुए मधेपुरा महाविद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी सह बीएनएमयू के सिंडिकेट सदस्य सह कैप्टन गौतम कुमार ने कहा कि एनसीसी हमेशा राष्ट्रहित एवं जनसरोकार के कार्यों के लिए समर्पित रहा है। इसी कड़ी में लोकतंत्र की मजबूती के लिए जगह–जगह जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उपाचार्य डॉ. भगवान कुमार मिश्र ने कहा कि हम अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर मतदान करें। अच्छे लोगों को चुनें और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

**दिलाई गई शपथ :** संगोष्ठी के दौरान सबों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। ₹हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, भयमुक्त होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

**निकाली गई जागरूकता रैली :** कार्यक्रम के अंत में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में कई नारे लगाए गए। इनमें 'देश के लिए मतदान', 'मतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी अबकी बार 18 की बारी', 'मधेपुरा है तैयार, मतदान करेंगे सब इस बार' आदि नारे शामिल थे। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स सुभाष कुमार, दीपु कुमार, राजेश कुमार, अनुराग, मुस्कान कुमारी, सुधा कुमारी, रश्मि कुमारी, ब्यूटी कुमारी, महारानी कुमारी, नेहा, प्रीति कुमारी आदि उपस्थित थे।

# नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि गिरफ्तार डीसी कार्यालय परिसर में जमकर चला हाई वोल्टेज ड्रामा

## आचार संहिता उलंघन मामले में चतरा पुलिस ने की कार्रवाई, चतरा के पूर्व सांसद रहे हैं नागमणि

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ**
**चतरा(झारखंड)।** लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय परिसर में आज जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। बसपा के टिकट पर नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि को गिरफ्तार करने पहुंची सदर थाना पुलिस की टीम के साथ उनका जमकर बहस हुआ। नागमणि मीडिया को संबोधित कर रहे थे, इसी दौरान सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने उन्हें रोका तो नागमणि थाना प्रभारी से ही उलझ गए और उन्हें कानून का पाठ पढाने लगे। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर थाना प्रभारी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नागमणि की गिरफ्तारी 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में हुई है।

**मेडिकल जांच के बाद बसपा प्रत्याशी को भेजा गया जेल :** नागमणि आगामी 20 मई को होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे थे। इसके बाद थाना प्रभारी ने उनसे सहयोग की अपील करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के





कद्दावर नेता नागमणि को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में समाज कल्याण एवं सहकारिता मंत्री रहे चतरा के पूर्व सांसद नागमणि को सदर थाना पुलिस में जिला निर्वाचन कार्यालय से नामांकन के दौरान गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

**नहीं करेंगे पुलिस की गुंडागर्दी बर्दाश्त, ब्राह्मणवाद व भूमिहारवाद है हावी-नागमणि:** पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि की गिरफ्तारी 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उलंघन के मामले में ईटखोरी थाना में दर्ज पुराने मामले को लेकर की गई है। कांड संख्या 20/2014 में पुलिस को इनकी तलाश थी। इस बाबत इनके विरुद्ध न्यायालय से स्थाई वारंट निर्गत था। अपनी गिरफ्तारी के बाद पुलिस के इस कार्रवाई पर सवाल खड़ा करते हुए नागमणि ने कहा है कि उन्हें बड़ी राजनीतिक षड्यंत्र के तहत चुनाव से दूर करने के नियत से गिरफ्तार किया गया है, पुलिस गुंडागर्दी दिखा रही है। ना हमसे कभी पूछताछ की गई और ना ही पूर्व में कोई नोटिस दिया गया। अचानक दो दिन पूर्व मुझे पता चला। जब मैं कार्यक्रम के लिए परमिशन मांगा। उन्होंने कहा कि नागमणि को पूरा देश जानता है, उसके बाद भी पुलिस का गुंडागर्दी इस कदर होगा।इसको हमलोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। जनता का प्यार और आशीर्वाद मिलता है तो पुलिस के इस गुंडागर्दी के खिलाफ मैं लड़ाई लड़ूंगा। नागमणि ने कहा कि सामंती, ब्राह्मणवाद और भूमिहार वाद यह दोनों मिलके गुंडागर्दी कर रहे हैं। जनता इसका मुंहतोड़ जवाब उन्हें देगी।

**भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी हैं फारवर्ड, बैकवर्ड को चाहते हैं दबाना-सुचित्रा:** वहीं पति के गिरफ्तारी के बाद नागमणि की पत्नी बिहार की पूर्व मंत्री सुचित्रा सिंहा ने कहा कि उनके विरुद्ध बीजेपी और कांग्रेस दोनों मिलकर षड्यंत्र कर रही है। जनता उन्हें जीताकर सदन में भेजे, सभी विरोधियों को खुद मुंहतोड़ जवाब मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी फॉरवर्ड हैं। हम लोग बैकवर्ड है। इसलिए हम लोगों को ये सब दबाना चाहते हैं। हम लोग दबने वाले नहीं हैं। जनता हमारे साथ है, जनता सब जान रही है।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या-बसपा :** जबकि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि नामांकन करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है। यहां मनुवाद और सामंतवाद ताकत हावी है। नागमणि कुशवाहा के बढ़ती लोकप्रियता को देखकर विपक्षी अकबका गए हैं। बसपा के लोग नागमणि के साथ थे हैं और रहेंगे।

**पति—पत्नी रहे हैं मंत्री, पिता विधायक तो ससुर रह चुके हैं मुख्यमंत्री:** बताते चलें कि नागमणि अटल मंत्रिमंडल में केंद्रीय मंत्री रहने के साथ—साथ बिहार सरकार में भी मंत्री रहे हैं। वहीं इनकी पत्नी सुचित्रा सिंहा भी बिहार सरकार में मंत्री रही हैं। वहीं पिता जगदेव प्रसाद तीन बार विधायक और ससुर सतीश प्रसाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मतदाता जागरूकता को लेकर रात्रि चौपाल का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़
**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरो चीफ**
**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत पंदनी पंचायत सचिवालय परिसर में प्रखंड प्रशासन द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।प्रखंड प्रशासन द्वारा स्वयं सहायता समूहों के जीविका दीदियों एवं ग्रामीणों को बीडीओ मनीष कुमार एवं थाना प्रभारी राहुल सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन कर महिलाओं को मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए अपना मतदान करने के लिए प्रेरित किया, जिससे शतप्रतिशत मतदान किया जा सके।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताते हुए शत फीसदी मतदान करने की अपील की और कहा कि जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए सभी मतदाताओं को मजबूत लोकतंत्र के लिए अपना मतदान कर राष्ट्र व लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग करें।इसके उपरांत संस्कार उपस्थित सभी जीविका दीदियों एवं अन्य ग्रामीणों ने स्वेच्छा से शपथ लिया कि हम लोग सभी अपने–अपने मताधिकार का प्रयोग पूरे परिवार के साथ लोकसभा निर्वाचन में अपने जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए,अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करेगे और सभी लोगो को भी जागरूक करेगे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने लोकसभा चुनाव निमित्त लोकसभा प्रभारी एवं सहप्रभारी की घोषणा, रविंदर सिंह रिंकू बने सहप्रभारी


रविंदर सिंह रिंकू

**लोकतंत्र की आवाज**
**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने आज लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त राज्यभर में प्रभारी, संयुक्त प्रभारी एवं सहप्रभारी के नामों की घोषणा की। जिसमें जमशेदपुर लोकसभा के लिए इरशाद अहमद अंसारी को प्रभारी नियुक्त किया गया। उनके साथ रविंदर सिंह रिंकू, इलयास अली वारसी एवं बलबीर सिंह बबलू को सहप्रभारी नियुक्त किया गया। रविंदर सिंह रिंकू ने प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व दिए उनके इस विश्वास को भाजपा के जीत के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। जनहित एवं राष्ट्रहित के लिए अग्रसर रहने वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी भाजपा देशभर में विजयी ध्वज लहरायेगी साथ ही जमशेदपुर लोकसभा के माननीय सांसद श्री विद्युत वरण महतो जी भी पूर्ण बहुमत से विजयी ध्वज लहरायेंगे। रविंदर सिंह रिंकू ने कहा कि पूर्ण बहुमत के लिए पार्टी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और आने वाले दिनों में इसे और जोरशोर के साथ लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

### माइक्रो आब्जर्वर करेंगे निर्धारित मतदान प्रक्रिया का सूक्ष्म प्रेक्षण: जेनरल आब्जर्वर

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू
पलामू। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन के आदेशानुसार गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में दो सौ छत्तीस सूक्ष्म प्रेक्षकों (Micro Observers) को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। जेनरल आब्जर्वर श्रीमती रेम्या मोहन ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण की पूरी अवधि में मौजूद रहते हुए सूक्ष्म प्रेक्षकों को कई निर्देश व सुझाव दिए। कहा कि सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान दल का हिस्सा नहीं होते हैं। वे संबंधित मतदान केन्द्र पर मतदान दल द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानदंडों को अपनाये जाने का प्रेक्षण करेंगे तथा विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग करेंगे। उन्होंने सूक्ष्म प्रेक्षकों से संवाद कर जारी प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद ने गाइडलाइन के अनुरूप प्रशिक्षण का सफल संयोजन किया। वहीं हेरिटेज स्कूल में 520 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन स्वयं प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच कर आदेश दिया कि मतदान दल के सभी पदाधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर टीम भावना से काम करें। कोई भी त्रुटि अक्षम्य है। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र नारायण, प्रधान सहायक रामलखन राम, अजित कुमार व सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण को अनुसमर्थन प्रदान किया। एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा व जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दुर्गानंद झा सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया। मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा, अमरेन्द्र नारायण, सुमंत तिवारी, सुनील कुमार उपाध्याय, संजय सिंह, नीरज कुमार पाण्डेय, सतीश कुमार सिन्हा, विनोद दीक्षित, मनोज कुमार द्विवेदी, आलोक कुमार, सरोज कुमार आजाद, गोविन्द प्रसाद, संजय कुमार पाण्डेय, निरंजन कुमार दूबे, माणिक गोपाल दास, देवेश कुमार पाण्डेय ने सूक्ष्म प्रेक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

### पुलिसकर्मियों में किया फ्लैग मार्च व निरीक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**
**मामलोत सेख, बरहरवा।** थाना पुलिस ने दल बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शानिव्यवस्था बनाये रखने के हेतु संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बरहरवा थाना। थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह एएसआई सुदामा कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई जीडी सुरजोलाल चकमा उपनिरिक्षक व एसएसबी के जवानों के साथ संयुक्त रूप से माधव पड़ा हरिजन टोला राजकीय मध्य विद्यालय आगलोइ हरिहार? व अन्य संवेदनशील चुनावी बूथों का निरीक्षण किया। चुनाव को ले जिला प्रशासन के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में लगातार गश्ती व वाहन जांच के निर्देश दिए है।

## चतरा : संघरी घाटी में ट्रक पलटने से लगी भीषण आग, खाक हु आ ट्रक



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी , जिला ब्यूरोचीफ**
**चतरा(झारखंड)।** जिले के संघरी घाटी मे एक ट्रक पलटने से उसमे भीषण आग लग गयी और देखते ही देखते ही देखते पुरा ट्रक जल गया। बताते चले की ये घटना बिहार और झारखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क NH—22 पर संघरी घाटी के समीप हुआ ट्रक चालक और सह चालक ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचायी। इस घटना की खबर पुलिस को दी गयी जिसके द्वारा आग बुझाने के लिए दमकल बुलाकर आग पर काबू पाया गया।ट्रक मे आग लगने से उस पर लदे लोहे के पाईप के बिखरने से मुख्य सड़क पर आवागमन बाधित हो गया जिससे घंटो जाम लगा रहा।

## अबकी बार 4 मई को चियांकी हवाई अड्डा पर पीएम द्वारा फेंकी जानेवाली जुमलों की बरसात से कमल नहीं खिलनेवाला है: शत्रुघ्न कुमार शत्रु

लोक तंत्र की आवाज

**बिनोद सिंह पलामू**
**पलामू।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर के पटेल नगर स्थित आवास पर नियमित प्रेस ब्रीफिंग को सम्बोधित करते हुए कहा है कि देश में हर मोर्चे पर विफल हो चुके पीएम नरेन्द्र मोदी व पलामू के सांसद बी०डी०राम को उम्र की थकावट व राजनीतिक विफलता को देखते हुए जनता को चाहिए की उन्हें आराम देने के लिए दूसरे विकल्प पर विचार करें।

प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के चंद कारपोरेट मित्रों के लिए 18–18 घंटे काम कर मोदी व पलामू के सांसद बी०डी०राम जैसे कई उनके वयोवृद्ध परिवार के सदस्य देश पर बोझ बन कर बेड़ा गर्क चुके हैं,




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 4 मई के प्रस्तावित पलामू दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जेकेएम अध्यक्ष ने कहा कि जिस चियांकी हवाई अड्डे पर उन्होंने 10 वर्ष पूर्व पलामू प्रमंडल के अति महात्वाकांक्षी ₹मंडल डैम परियोजना को शीघ्र पूरा करने का जुमला फेंका था, वह आज भी हवा में तैर रहा है? इस बार निश्चित रूप से आगामी 4 मई को उनके द्वारा फेंकी जानेवाली जुमलों की कीचड़ में कमल नहीं खिलनेवाला है, प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि देश में हर मोर्चे पर विफल मोदी सरकार एक तरफ अग्निवीर योजना के तहत 23 साल के नौजवानों को रिटायर कर घर भेज रही है, वहीं उसी सरकार के 73 साल के बुढ़े व खुसट हो चुके संविधान बदलने की सोच रखने वाले तानाशाह प्रधानमंत्री मोदी अपने लिए तीसरी बार मौका मांग रहे हैं?यह देश का दूर्भाग्यपूर्ण प्रहसन बन चुका है,


प्रेस ब्रीफिंग के अंत में उन्होंने कहा है कि देश के सबसे बड़े घोटाले ₹इलेक्टोरल बॉण्ड योजना₹ के खलनायक बन चुके मोदी ने राजधर्म से फिर मुंह मोड़ लिया है।चाहे सेक्स कांड के सबसे बड़े आरोपी प्रज्जवल रेवन्ना के प्रचार की बात हो, अथवा पूणावाला की कम्पनी से 52 करोड़ चंदा खाकर देश के 140 करोड़ जनता को कोवीशिल्ड का जबरदस्ती टिका लगवाकर मौत के मुंह में धकेलने की बात हो या देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर कारपोरेट के हाथ बेचने की बात हो, इस बार भीषण बेरोजगारी व महंगाई से त्रस्त जनता हिसाब लेने के लिए तैयार बैठी है।

## गिरिडीह लोस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी जय राम महतो व सुबोध कुमार यादव ने चुनावी मैदान में प्रवेश किया

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड ।** गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित पदाधिकारी सह बोकारो जिला उपयुक्त श्रीमती विजय जाधव के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी धनबाद जिला के मानटाड तोपचांची निवासी जय राम कुमार महतो ने तीन सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके कुछ समय बाद निर्वाचित पदाधिकारी 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र श्रीमती विजय जाधव बोरिया सुइयाडीह डूमरी निवासी निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध कुमार यादव ने दो सेट में नामांकन पर्चा द दाखिल किया।

गिरिडीह जिला के बोरिया दी निवासी निर्दलीय प्रत्याशी इसके एक दिन पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बोकारो जिला



के फूसरो नगर निवासी डॉक्टर उषा सिंह ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया था। राजनीति भी गजब का खेल है अजब की चाल है ऐसे में ही कभी–कभी सभी को पछाड़ कर जीतने वाले बन जाते महाकाल ।जी हां अब हर कोई अपने जीत का दवा उसे क्षेत्र की जनता के माध्यम से कर रहा है जिस क्षेत्र की जनता ने कभी कुछ कभी कुछ विचार दिया परंतु यह भी एक बात है की प्रत्याशी अपने निर्वाचित क्षेत्र के सभी लोगों पर अपनी जीत का दावा करते नजर आ रहे हैं।

## पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने नौडीहा बाजार के सुदूरवर्ती क्षेत्रों का किया दौरा भाजपा प्रत्यासी श्री विष्णु दयाल राम को चुनाव में भारी मतों से जिताने की अपील की

लोक तंत्र की आवाज

**बिनोद सिंह पलामू**
**पलामू।** पलामू पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने नौडीहा बाजार के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थको में भारी उत्साह देखने को मिला।

पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने बताया की वे क्षेत्र में लगातार जन संपर्क अभियान में जुटे हुए है और लोगो से मिलकर उन्हें जागृत कर रहे है, इस दौरान वो 4 मई को होने वाले मोदी जी के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी कर रहे है।पूर्व सांसद ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की जीत तय है। इसके लिए हमलोग लगातार क्षेत्र में बने हुए है, इस मौके पर



संतोष कुमार पाठक, रौशन सिंह, मनोज कुमार भुइयां, कासी प्रसाद, रामजी मिश्र, मोहन भुइयां, अशोक यादव, राजू प्रसाद, अमरेश श्रीवास्तव, रीता देवी, कोमल देवी, रीना देवी, अशोक प्रसाद, मोहन भुइँया, धर्मेंदर भुइँया, मनोज भुइँया, नगेंनदर भुइँया, ललन भुइँया, सरिता देवी और भारी संख्या में समर्थक मौजूद थे, सभी ने मिलकर भाजपा के समर्थन में जबरजस्त नारेबाजी की।

## साहिबगंज उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्या

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त– सह– जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए।

उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने



के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

## प्रदीप यादव ने मोहनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया

लोक तंत्र की आवाज़

**मोहनपुर ।** गोड्डा लोकसभा के चुनाव इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव का जनसंपर्क अभियान जोरों से चलाया जा रहा है। गुरुवार को मोहनपुर प्रखंड के सात पंचायतों के विभिन्न गांव में जाकर लोगों से रू –ब–रू हुए जगह–जगह पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें काफी उत्साह से स्वागत किया और जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के ग्रामीणों को अभी भी मूलभूत सुविधा से वंचित है बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई और शिक्षा से संबंधित समस्याएं बनी हुई है।

आगे उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासनकाल में देश में जो हालात पैदा हुआ उसमें साफ जाहिर हो रहा है कि देश की राजनीतिक करवट ले रही है। भाजपा इस बार 400 का नारा दे रही थी। लेकिन दो चरणों में



चुनाव होते ही सच्चाई जाहिर होने लगी है। केंद्र की मंशा भारत के संविधान बदलकर आरक्षण व्यवस्था समाप्त करने की है जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने राज करने की चाल जनता ने पकड़ लिया है। इस देश में गरीब और बेरोजगार चरम सीमा पर है।

जीएसटी और नोटबंदी ने छोटे–छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है आगे उन्होंने कहा कि जुमला का दूसरा नाम मोदी गारंटी है। वहीं राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने इस देश की लोकतंत्र को बचाने के लिए पांच न्याय लाए है।

### ● पूंजीपतियों की सरकार है भाजपा गरीबों की नही सुनते है : प्रदीप यादव

इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो खाली पड़ी 30 लाख नौकरियां की कृतियों के लिए कैलेंडर जारी कर दिया गया है नरेंद्र मोदी ने कुछ पूंजीपतियों को 20 लाख करोड़ कर्ज माफ किया लेकिन गरीब मजदूर किसान के ऋण माफ नहीं किया गया। अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हर महिला के खाते में प्रतिवर्ष एक लाख रुपए दिया जाएगा।

उपस्थित युवाओं को कहा कि अग्निवीर जैसी योजनाओं को समाप्त कर फिर से नई बहाली जाएगी । दलित ,शोषित, आदिवासी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक व गरीबों के हित में काम किए जाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि गोड्डा लोकसभा सांसद अहंकार में डूब गए हैं। उनका हर जगह अब विरोध होने लगा है। छटपटाहट शुरू हुई है। प्रदीप यादव ने दावा किया कि वह झारखंड की आवाज बनकर लोकसभा जाएंगे और यहां के लोगों के हित वह हक अधिकार के लिए आवाज उठाएंगे।इस बार यहां की जनता हमारे साथ है।

**क्या कहते हैं प्रदीप यादव :** मोहनपुर प्रखंड के सात पंचायत में कई गांव में तूफानी दौरा किया हूं जिसमें महिलाएं एवं बुजुर्गों ने कहा कि 15 साल विद जाने के बाद भी हमारे क्षेत्र में अब तक सांसद नहीं पहुंचे हैं वही लंबी–लंबी बातें इस झूठे सरकार करते हैं। मैंने इस क्षेत्र में कई गांव में कई समस्याएं अच्छी जहां अब तक आजादी के बाद भी सड़क नहीं बन पाई है कई कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं। मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी गरीबों को पक्का मकान एवं सभी गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का काम रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोदी के पुराने वादों को याद दिलाने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ करें भाजपा के नेता विधायक और सांसद : भाकपा

**लोक तंत्र की आवाज**


**बिनोद सिंह पलामू**



**पलामू।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने ब्यान प्रसारित कर कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी का डाल्टनगंज में कार्यक्रम पलामू वासियों के लिए सिर्फ छलावा है इससे पहले भी मोदी डाल्टनगंज कई बार आ चुके है लेकिन पलामू वासियों को छलने के सिवा उन्होंने कोई काम नहीं किया है जिसका उदाहरण चुनावी स्टैंड में जपला सीमेंट फैक्ट्री को चालू करने की घोषणा करके जपला सीमेंट फैक्ट्री का बंद हो जाना और उसका सामान स्क्रैप के भाव में बिकना वहीं मंडल डैम के उद्घाटन करने के बाद भी कोई काम नहीं होना जीता जागता उदाहरण है। पलामू भाजपा के नेता विधायक एवं सांसद मोदी के आगमन के पहले एक सद्बुद्धि यज्ञ करना ताकि देश के प्रधानमंत्री को जनता के समक्ष किया गया अपनी पुरानी वादा याद रह सके और उसे पर वह माफी मांग सके। एवं कल के भाषण में वह दोबारा कोई झूठी आश्वासन न कर दे जिससे ज्ञान जनता गुमराह हो जाए। वैसे भी प्रधानमंत्री मोदी को झूठ बोलने के कारण ही ऊपर से लेकर नीचे तक भाजपा के सभी शीर्ष के नेता झूठ बोलने लगे हैं उन्हें विकास केवल धारा 370 हिंदू मुसलमान मंदिर मस्जिद आदि के इर्द गिर्द नजर आता है लेकिन महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार पलायन भुखमरी जैसे मुद्दा इनको नजर नहीं आता। साथ ही पलामू के युवाओं से मैं अपील करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से सेना की नौकरी को इन्होंने 4 साल करके युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया ऐसी स्थिति में पलामू के युवा काला बिल्ला दिखाकर मोदी का विरोध प्रदर्शन करें।

### अनुमंडल शांति समिति के सदस्य रामजी योगेश तथा अंजू सिंह के द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा को ट्रैफिक के मामले को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**लोक तंत्र की आवाज**



**पटना, सुधांशु रंजन।** अनुमंडल शांति समिति के सदस्य समाजसेवी रामजी योगेश तथा महिला समाज सेवी अंजू सिंह के द्वारा पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा को ज्ञापन सोपा गया जिसमें ट्रैफिक को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गई और साथ ही साथ ई रिक्शा के हेडलाइट पर खास ध्यान आकर्षित किया गया राम जी योगेश और अंजू सिंह ने कहा कि , पटना सिटी में जितनी भी ई रिक्शा चलती है उनमें हेडलाइट ना होने के कारण सड़क दुर्घटनाएंबढ़ती ही जा रही है जिस पर लगाम लगाना अति आवश्यक है तथा इन्होंने कई और मुद्दों पर वरीय पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया साथ ही साथ ट्रैफिक के पहलुओं पर भी चर्चा की गई , आपको बता दे की पटना सिटी ट्रैफिक के मामले में शून्य पर है इस कारण से आए दिन कई तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं

### पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता विरोधी दल तेजस्वी प्रसाद यादव का नरपतगंज आगमन आजः डा. राकेश रोशन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नरपतगंज।** राज्य सरकार द्वारा वाई प्लस का सुरक्षा श्रेणी प्रदत्त बिहार सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवम नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव 09 अररिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे आई एन डी आई के प्रत्याशी आरजेडी उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सह सीमांचल के गांधी के नाम से मशहूर मरहूम तस्लीम साहब के छोटे साहबजादे के पक्ष में यादवों के गढ़ से जाने जाने वाले नरपतगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान नरपतगंज, अररिया में उनका पदार्पण 01:35 बजे अप०होना है। युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह नरपतगंज के पूर्व विधायक दयानंद यादव के सुपुत्र डा. राकेश रौशन ने बताया कि बिहार के भविष्य भावी चीफ मिनिस्टर तेजस्वी जी के आगमन को लेकर आई एन डी आई ए परिवार पूरी तैयारी में हैं। उनके साथ वी आई पी पार्टी के सुप्रीमों सह सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी, राजद के राष्ट्रीय नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के आलावे महागठबंधन में शामिल विभिन्न पार्टी के वरीय लीडर, स्थानीय नेता मंच साझा करेंगे।

### दुल्हन की गाड़ी रोककर नशेड़ियों ने किया मारपीट एवं छेड़खानी, प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार मिश्र,** औरंगाबाद। जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के भदवा उच्च विद्यालय के समीप दुल्हन की गाड़ी जाते देख कुछ मनचले युवकों ने शराब के नशे में अपनी चार पहिया वाहन में सवार होकर ओवर टेक कर गाड़ी को रोका।और दुल्हन को गाड़ी से नीचे खींच छेड़खानी करने का प्रयास करने लगा तो पति एवं ड्राईवर ने विरोध किया तो पति एवं ड्राइवर को मारपीट करने लगा।इस मामले में फेसर थाना के खैरा सलेम निवासी अनुज कुमार पासवान की पत्नी रानी कुमारी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी कराई है। जिसमें गोठानी गांव निवासी सौरभ सिंह, शनि कुमार, सत्यम सिंह तथा सोनू सिंह को नामजद आरोपी बनाया है।उल्लेख किया है कि मेरी शादी 21अप्रैल 2024 को हुई थी।शादी के बाद 02 मई को अपने ससुराल से पति के साथ अपने मायके सलैया थाना के रानी डीह जा रही थी कि घटना हुई। ग्रमीणों के सहयोग से एक आरोपी एवं वाहन को पकड़ा गया।घटना की सूचना मिलते ही।पुलिस मौके पर पहुंची।और आरोपी सौरभ सिंह को हिरासत में लेकर बरामद चार पहिया वाहन को जप्त कर थाना लाया।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी सौरभ सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# पलामू की बेटी की आवाज दिल्ली संसद में गूंजेगी : राजेंद्र सिन्हा

**झामुमो ने रामगढ़ प्रखंड में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान**

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**



**पलामू।** झामुमो ने रामगढ़ प्रखंड के कई इलाकों में इंडिया गठबंधन के पलामू लोकसभा उम्मीदवार ममता भुइयां के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और विभिन्न जगहों पर रात्रि चौपाल आयोजित किया। नावाडीह और सरजा में बैठक हुआ, उलडंडा और नेउरा में रात्रि चौपाल का आयोजीत किया गया साथ सबों ने निलांबर – पीताम्बर के वंशज से भी मुलाकात की और लोक सभा के महागठबन्धन प्रत्याशी ममता भुइयाँ के पक्ष में लालटेन छाप पर वोट देने के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया और संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। सभी ग्रामीणों ने झामुमो पलामू के सभी नेताओं का स्वागत गर्मजोशी से किया और ममता भुइयां को समर्थन देने का वादा किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र सिन्हा ने लोगों से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां को वोट देने की अपील करते हुए कहा झारखंड का बेटा हेमंत सोरेन , झारखंड में विकास की गंगा बहा रहे थे और उन्होंने केंद्र की सरकार से जब उनके द्वारा रोक गए एक लाख छत्तीस हजार करोड़ झारखंड का हक मांगा तो उन्हें केंद्र की सरकार ने जेल में डाल दिया। भाजपा नहीं चाहती है की एक आदिवासी का बेटा नेतृत्व करे। आज पलामू की बेटी चुनावी मैदान में है और उसकी आवाज दिल्ली में गूंजेगी। आप सबों से मेरी अपील है की ममता भुइयां जिनका चुनाव चिन्ह लालटेन हैं उन्हें भारी मतों से विजई बनाएं और सांसद बना कर दिल्ली भेजें। मोदी सरकार अगर दुबारा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी, आरक्षण खत्म कर देगी। ये वक्त है भाजपा की तानशाही सरकार से लोकतंत्र को बचाने का।

झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी और वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने भी संबोधित करते हुए कहा ₹पलामू किला का परचम दिल्ली के लाल किला पर फहराना है, पलामू की बेटी जब दिल्ली के सांसद में गरीबों की आवाज उठाएगी तब पलामू के गरीबों को न्याय मिलेगा। इस जनसंपर्क अभियान में उपाध्यक्ष बालकिशन उरांव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजयाल अहमद, वरिष्ठ नेता हाजी ललन, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, उपाध्यक्ष राजिया नियाजी, युवा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष सलोनी टोप्पो, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइया, बनारसी सिंह खरवार, बिरसा मुंडा, ललन प्रजापति और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्र में पानी के लिये हाहाकार विभाग गंभीर नहीं, अब होगा आंदोलन : उपाध्यक्ष



**लोकतंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार मिश्र**

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 4,7,8,16 एवं थाना गली में पानी का संकट है।गर्मी के बढती तपीश से पानी का जल स्तर और नीचे भागते जा रहा है।विभाग गंभीर नही है।

वार्ड 16 के राजा बिगहा निवासी विजय पासवान,गोरा पासवान,गनौरी पासवान,मुकेश कुमार,ने बताया कि एक साल से राजा बिगहा के मुख्य सडक किनारे रमेश सिंह के पास गडढा कर नल –जल का कनेक्शन लाकर छोड दिया गया है।वही पर पुराना जर्जर पीएचईडी का चापाकल है।राजेन्द्र पासवान, शंभू प्रसाद, नन्हक पासवान, शंभू पासवान,वासुदेव राम, प्रमोद यादव, सत्येंद्र चौधरी,महेश यादव सहित कई घरों में कनेक्शन नही किया गया है। और न ही चापाकल है।जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है।कारण पानी का घोर संकट हो गया है।मुहल्लेवासी पानी की समस्या पर नगर पंचायत को आवेदन दिये। उपाध्यक्ष आरती देवी ने कहा कि वार्ड 4 और 16 में अधिकांश दलित–महादलित वर्ग के है।अधिकांश घरों में कनेक्शन नही किया गया है।कारण पानी का घोर किल्लत है।ग्रामीणों के शिकायत पर विभाग के पदाधिकारी के पास 22 मार्च को इस सबंध मे जानकारी दिया गया।वावजूद कोई समाधान नही निकला।शीघ्र ही पानी की समस्या दूर नही हुयी तो वरीय अधिकारियों के पास जायेगे।बाध्य होकर आंदोलन तक किया जायेगा।विभाग के अभियंता से मो से संपर्क करने का प्रयास किया गया।नही हो सका।

## दस सालों में देश की जनता से दस छल ! कांग्रेस का प्रहार...देश की जनता मोदी सरकार की विदाई का संकल्प लेकर मैदान में उतर चुकी है

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता अमरेंद्र सिंह ने कहा कि साम्प्रदायिकता को राष्ट्रवाद का नाम देकर और धर्म को सीढ़ी बनाकर पुनः सत्ता में आने का जो स्वप्न भाजपा देख रही है, वो इस चुनाव में₹मुंगेरीलाल₹के हसीन सपने जैसा है। आम आदमी भाजपा सरकार के दस साल के अन्याय काल को याद करते हुए मोदी सरकार के विदाई का संकल्प लेकर मैदान में उतर चुकी है।

कांग्रेस नेता अमरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे अन्नदाता किसानों की आय दोगुनी करने के बजाय भाजपा सरकार ने उनके कंधों पर कर्ज को दोगुना कर दिया। किसान सम्मान निधि 6000 रू दिए और खेती–किसानी में लागत बढ़ाकर 25,000 रू प्रति हेक्टेयर लूट लिए। डीजल पर केन्द्रीय एक्साईज ड्यूटी कांग्रेस शासन काल में तीन रूपए 56 पैसे प्रति लीटर से बढ़ाकर 15 रूपए 90 पैसे प्रति लीटर कर दी। इतना ही नहीं मोदी सरकार ने घाटे में हो रही खेती पर टैक्स यानी जीएसटी लगाया। आज पूरा देश आर्थिक असमानता भीषण महंगाई और बेरोजगारी से जुझ रहा है. भाजपा मंदिर बनाम मस्जिद बनाम गिरजाघर बनाम गुरूद्वारा तथा खाने–पहने के नाम वोट लेने का जो नापाक कोशिश कर रही वो इस कतई नहीं होने वाला है।

कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार के दस साल, दस छल गिनाते हुए कहा कि विकास से नहीं नाता ,बस नफरत फैलाने आता है. पिछड़ों को पीछे छोड़ा, एससी–एसटी–ओबीसी से नाता तोड़ा। आम आदमी की आमदनी न हुई दोगुना, दर्द सौ गुना.अर्श से फर्श, अर्थव्यवस्था के दस वर्ष. सबसे युवा देश को बेरोजगारी व अनपढता के अंधकार में झोंका, राष्ट्रीय सुरक्षा पर ंआंच ,मोदी सरकार ने बंद की ऑख. 60लाख लघु,सुक्ष्म एवं छोटे उद्योगों की तालाबंदी और व्यापार की मंदी,12 करोड लोगों की नौकरी छूटी. इन मुद्दो का जबाव देने के बजाय भाजपा और उसके नेता नफरत फैलाकर जो वोट लेने का स्वप्न देख रहे हैं वो दिन में मुंगेरीलाल का हसीन सपना साबित होने वाला है।

## पिरामल फाउंडेशन ने की सामाजिक संगठनों के साथ बैठक, जिले में चल रहे स्वेम सेवी संगठनों की संगठन निर्माण को लेकर हुई चर्चा

**पीरामल फाउंडेशन सभी स्वयंसेवी संगठनों को देगा तकनीकी सहायता एवं दस्तावेज बनाने की प्रशिक्षण**

**लोकतंत्र की आवाज**




**धनंजय वैद्य, प्रभारी झारखंड प्रदेश**

**औरंगाबाद (बिहार)।** जिला मुख्यालय के कर्मा रोड स्थित पीरामल फाउंडेशन कार्यालय सभागार में औरंगाबाद जिले में चल रहे 30 स्वयं सेवी संगठनों के साथ स्वयंसेवी संगठनो कि उत्थान एवं संयुक्त संगठन निर्माण को लेकर आज एक बैठक आहूत की गई। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत सभी इंडिकेटर को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिले में विकास कायों के प्रति सामाजिक संगठनों का सहयोग, उनके क्षमतावर्द्धन, सरकार की विभिन्न योजनाओं के संचालन में भागीदारी, सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन के स्टेट कॉर्डिनेटर सैयद अकरम हुसैन ने बताया कि पिरामल फाऊंडेशन पूरे देश में लगभग 150 जिलों में सामाजिक कार्यों को करती आ रही है। जिसमें लोकल स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी हम होती है। उन्होंने आगे बताया कि कहीं ना कहीं अपने आप में स्वयंसेवी संगठन तकनीकी कारणों से असहज महसूस करती है। पीरामल फाउंडेशन की यह कोशिश होगी कि हर स्वयंसेवी संगठन को क्षमता वर्धन बनाया जाए ताकि वह अपने सामाजिक कार्यों को निर्वहन करने की सक्षम रहे सक्षम रहे। और सभी स्वयंसेवी संगठनों को मिलाकर एक संगठन का निर्माण हो जिसे पिरामल फाऊंडेशन सर प्रोजेक्ट के तहत जिला का उत्थान हो। वही जिला कार्यक्रम प्रबंधक शादाब आलम ने कहा कि जिला के सभी एनजीओ एक दूसरे को कैसे सहयोग कर अपने जिले की स्थिति को और कैसे बेहतर बना सकते हैं, इसके लिए सभी सक्रिय संगठनों को एक साथ एक मंच पर आने की जरूरत है।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, पटना सिटी द्वारा सहारा वृद्धाश्रम मेंभीषण गर्मी को देखते हुए पेडेस्ट्रल पंखे उपलब्ध कराए गये

**लोक तंत्र की आवाज**




**पटना, सुधांशू रंजन।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, पटना सिटी द्वारा हेल्पेज इंडिया एवं सामाजिक सुरक्षा निदेशालय,बिहार सरकार द्वारा संचालित सहारा वृद्धाश्रम,कमलदह गुलजारबाग को पाँच पेडेस्ट्रल पंखे उपलब्ध कराए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए आवासित बुजुर्गों के लिए ये पंखें स्व.गोविंद प्रसादसहारा वृद्धाश्रम सुल्तानिया, स्व. जेसी राम अग्रवाल आदि की पुण्यस्मृति में प्रदान किए गए।वरीय समाजसेवी संदीप ड्रॉलिया ने भी एक पंखा इन बुजुर्गों की सुविधा के लिए प्रदान किया।

इस अवसर पर सभी आवासित बुजुर्गों को शरबत पिलाया गया एवं ताजे फल खिलाए गए। कार्यक्रम में रमेश कुमार सुल्तानिया, ईश्वरलाल अग्रवाल ,विजय कुमार सिंह,मनोरमा सुल्तानिया,जया सुल्तानिया,शकुंतला देवी एवं वृद्धाश्रम को–ऑर्डिनेटर कृष्णा जी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में उपस्थित सज्जनों ने कहा कि बुजुर्ग हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं तथा उनकी सेवा करना न केवल हमारा सामाजिक बल्कि नैतिक दायित्व भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, पटना सिटी के अध्यक्ष गोविंद कानोडिया ने की।

## हर समस्या बनती है चुनावी मुद्दा, पत्रकारों के लिए बना प्रेस क्लब भवन आखिर क्यों नहीं बन पाता है मुद्दा ?

**लोक तंत्र की आवाज**



- **क्षेत्रीय किसी रहनुमाओ ने मीडिया कर्मियों के लिए बने प्रेस क्लब भवन के लिए ईमानदारी पूर्वक नहीं किया कार्य**
- **अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर भी प्रेस क्लब भवन अपनी किस्मत पर बहाता रहा आंसू**

**मुंगेर।** चुनावी मौसम में छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी हर समस्या चुनावी मुद्दा मुंगेर में बनता रहा है, लेकिन 08 वर्ष पूर्व मीडिया कर्मियों के लिए राज्य सरकार की ओर से बनाए गए प्रेस क्लब भवन आज तक चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया है।

प्रेस क्लब भवन पत्रकारों को सुपुर्द किए जाने की दिशा में क्षेत्रीय किसी भी हुक्मरानो ( रहनुमाओ) ने ईमानदारी पूर्वक कार्य नहीं किया। जिसका परिणाम है की प्रेस क्लब भवन निर्माण के 08 वर्ष बीत जाने के बाद भी मीडिया कर्मियों को मुंगेर जिला प्रशासन के द्वारा पत्रकारों को सौपा नहीं किया गया है। जिस कारण आज भी पत्रकार चौक चौराहों पर खड़े होकर अपना समय बिताते हैं और खबरों को लिखते हैं। बताते चले की वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने प्रत्येक जिले में पत्रकारों को सुख सुविधा प्रदान करने के लिए प्रेस क्लब भवन निर्माण करने की घोषणा की थी।

घोषणा के बाद राज्य के अन्य जिलो में भी प्रेस क्लब भवन का कार्य शुरू हुआ और बनाकर भी तैयार हुआ। मुंगेर में भी मुख्यमंत्री के घोषणा के तहत बिहार राज्य भवन निर्माण लिमिटेड मुंगेर के द्वारा 65 लाख 22 हजार 613 रुपए के लागत से भव्य प्रेस क्लब भवन का निर्माण कराया गया। वर्ष 2016 में संवेदक ने प्रेस क्लब भवन का कार्य समाप्त कर जिला प्रशासन को भवन सुपुर्द किया था, लेकिन आज तक जिला प्रशासन प्रेस क्लब भवन मीडिया कर्मियों को उपलब्ध नहीं कराया है। बताते चले की वर्ष 2022 में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता रंजीत कुमार विद्यार्थी ने तत्कालीन डीएम नवीन कुमार को आवेदन देकर निर्मित प्रेस क्लब भवन पत्रकारों को उपलब्ध कराने का मांग किया था।इस पत्र के आलोक में डीएम नवीन कुमार ने तत्कालीन डीपीआरओ दिनेश कुमार से जांच रिपोर्ट तलब किया था। डीपीआरओ ने अपनी जांच रिपोर्ट डीएम को सोपा था। इसके बावजूद भी जिला प्रशासन ने प्रेस क्लब भवन के मामले में खामोश रहे। समय–समय पर मुंगेर के पत्रकारों ने क्षेत्रीय सांसद तथा विधायक का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट कराया, लेकिन परिणाम शुन्य रहा। वर्ष 2023 में सर्किट हाउस में आयोजित क्षेत्रीय सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने प्रेस क्लब का मुद्दा उठाया था,

इस पर सांसद ने वहां मौजूद डीएम नवीन कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया था। इस पर डीएम ने पत्रकारों को भरोसा दिया था कि पत्रकारों के निबंध निबंधित संस्था को प्रेस क्लब भवन निर्धारित किराया के तहत सौप दिया जाएगा, जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है। अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर भी प्रेस क्लब भवन में ताला लटका रहा और गंदगी का अंबार देखने को मिला। जिला प्रशासन मामले में उदासीन बनी रही। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता रंजीत विद्यार्थी , भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष लालमोहन महाराज तथा इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव केएम राज सहित अन्य ने इस मामले में कहा कि प्रेस क्लब भवन निर्माण के 08 वर्ष बाद भी पत्रकारों को भवन नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। आचार संहिता समाप्ति के बाद इस मुद्दे पर चरणबद्ध आंदोलन के तहत जिला मुख्यालय में धरना–प्रदर्शन किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री जी पलामू में स्वागत है बताने का काम करें मंडल, कनहर व चिरमिरी का क्या हुआ?: बिट्टू पाठक

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके पलामु आगमन पर जनहित से जुड़ा निम्नलिखित 11 सवाल जो लगातार जनता के जेहन में होता हैं सवालों को जनता की और से पुछा जा रहा है––

**देश के प्रधानमंत्री सवालों का जवाब देने का कष्ट करें:**

*(1)जनवरी 2019 में आपके द्वारा मंडल डैम का शिलान्यास किया गया था।शिलान्यास के पांच वर्ष के बाद भी मंडल डैम का कार्य शुरू नहीं हुआ।मंडल डैम के नाम पर पलामु प्रमंडल की जनता को आपके द्वारा झुठा शिलान्यास करके क्यों गुमराह किया गया तथा मंडल डैम का कार्य कब प्रारंभ होगा?*

*(2)आपका हीं वादा किसानों का आय दुगुना करूँगा।अपने दस साल के कार्यकाल में बतौर प्रधानमंत्री आपने किसानों की आय दुगुना करने के लिए क्या किया?*

*(3)सौ दिन में काला धन वापस लाऊंगा।अपने वादा को पुरा करने के लिए बतौर प्रधानमंत्री आपने दस सालों में काला धन वापस लाने के लिए क्या प्रयास किया?*

*(4)देश के प्रत्येक व्यक्ति के खाते में पन्द्रह लाख देने के लिए आपने अभी तक क्या किया?*

*(5)दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने के लिए बतौर प्रधानमंत्री आपने पिछले दस सालों में क्या किया?*



*(6)रसोई गैस का दाम चार सौ से बढ़कर एक हजार हो गया।रसोई गैस का दाम कम कब होगा?*

*7) आपने कहा था कि आपका कार्यकाल में महिला सुरक्षित महसूस करेगी लेकिन मणिपुर एवं उत्तर प्रदेश के घटना जो हुआ उसमें अभी तक आपने जवाब क्यों नहीं दिया?*

*8) आपके 10 वर्ष के कार्यकाल में मध्यम परिवार और गरीब हुआ महंगाई का मार मध्यम वर्ग को झेलना पड़ा लेकिन आपने कहा था कि महंगाई हम काम करेंगे अभी तक महंगाई कम क्यों नहीं हुआ?*

*9) नोटबंदी करके अर्थव्यवस्था चौपट करने का काम आपने किया और तो और अगर आपका निर्णय सही था 2000 का नोट लाने का तो फिर क्यों अपने 2000 का नोट बंद किया?*

*10) कोरोना में मरे मजदूरों और किसान आंदोलन में मरे किसानों को इंसाफ कब मिलेगा।*

*(11)पुरे देश के भ्रष्टाचार एवं घोटालों के आरोपी नेताओं को भाजपा में शामिल कराकर तथा इलेक्टोरल बांड के माध्यम से आठ हजार करोड़ चंदा वसूली करके आपने खुलेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।आपका वादा भ्रष्टाचार जड़ से खत्म करूँगा। कहते थे कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा अब बस कीजिए प्रधानमंत्री लोगों को गुमराह करने का बहुत हुई आपके झूठ वादे का अब जनता जान चुकी है और जनता पहचान चुकी है कि आपकी गारंटी का मतलब होता है जुमला बज 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है जनता जनार्दन ने ठाना है कि अब की बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना है*

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो . नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।